

# पुष्पांजली टुडे



नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 283

ग्वालियर, मंगलवार, 7 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### गुलमर्ग में ठंड ने ठिठुराया, न्यूनतम तापमान शून्य से सात डिग्री नीचे गिरा

**श्रीनगर।** मौसम के बदलते मिजाज के चलते कश्मीर घाटी में मशहूर पर्यटक स्थल गुलमर्ग के अलावा सभी स्थानों पर सोमवार को न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से अधिक रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने सप्ताह के मध्य में बारिश का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में रविवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह घाटी का सबसे ठंडा क्षेत्र रहा। घाटी में अन्य स्थानों पर रविवार रात न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से अधिक रहा। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में रविवार की रात तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। पहलगाम में तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रहा।उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि कोकरनाग में 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### किसानों की तरह 'बलिदान' देने पर ही कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल होगा : अब्दुल्ला

**जम्मू।** कश्मीर घाटी में अनुच्छेद 370 को समाप्त किए दो साल से ऊपर हो गया गया है और इसकी बहाली को लेकर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला अभी भी राग आलाप रहे हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि जैसे नए कृषि कानूनों का विरोध करने वाले किसानों ने 'बलिदान' किया उसी तरह अपने राज्य और विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी 'बलिदान' करना पड़ सकता है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, %11 महीने तक किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया, 700 से अधिक किसान मारे गए। उन्होंने कहा कि जब किसानों ने बलिदान दिया तो केंद्र को तीन कृषि बिल रद्द करने पड़े। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमें अपने अधिकार वापस पाने के लिए वैसा बलिदान भी करना पड़ सकता है। अब्दुल्ला ने कहा, यह याद रखें, हमने (अनुच्छेद) 370, 35-ए और राज्य का दर्जा वापस पाने का वादा किया है और हम कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार हैं। यहां बाइट लग जायेगी। हम आपको बता दें कि फारूक अब्दुल्ला ने यह भाषण स्थानीय भाषा में दिया था। हम आपको यह भी बता दें कि नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की 116वीं जयंती के अवसर पर नसीमबाग में उनके मकबरे पर पार्टी की युवा शाखा के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी किसी प्रकार की हिंसा का समर्थन नहीं करती है।

### 30 करोड़ की काली कमाई विदेशों में छुपाई

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने दिल्ली के एक व्यक्ति के पास कथित तौर पर 30 करोड़ रुपये की काली कमाई का पता लगाया है जिसने टैक्स से बचने के लिए विदेश में एक ट्रस्ट और एक कंपनी बनाई हुई थी। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में संबंधित व्यक्ति के ठिकानों पर 24 नवंबर को छापेमारी की गई थी। सीबीडीटी के मुताबिक, इस करदाता ने कम टैक्स वाले विदेशी क्षेत्र में एक लाभार्थी ट्रस्ट और एक कम्पनी बनाई हुई थी। तलाशी अभियान में पता चला कि कम टैक्स वाले विदेशी अधिकार क्षेत्र में आनी वाली इन अघोषित संस्थाओं के पास अचल एवं चल संपत्ति के रूप में 40 करोड़ रुपये की संपत्ति है। यह करदाता एक विदेशी बैंक का लाभ भी ले रहा था, जिसकी भारत में शाखाएं हैं। यह बैंक धन प्रबंधन, वित्तीय योजना, परिसंपत्ति आवंटन, इक्विटी अनुसंधान, निश्चित आय, निवेश रणनीतियों और प्रत्ययी सेवाएं देता है। सीबीडीटी ने बताया कि ई-मेल और उपलब्ध दस्तावेजों से इन तथ्यों की पुष्टि हुई है। इसके व्यावसायिक परिसरों की तलाशी के दौरान %हार्ड डिस्क% में बैंक खातों सहित अन्य दस्तावेज भी मिले हैं। सीबीडीटी ने कहा कि इस तरह के एकत्रित सबूतों के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में किए गए कारोबार से 30 करोड़ रुपये की घरेलू आय को कम करके दिखाया गया है।

### जनता की राय पर आधारित होगा यूपी में कांग्रेस का घोषणापत्र प्रियंका गांधी ने की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को यूपी में घोषणा पत्र कमेटी और कैंपेन कमेटी के साथ बैठक में विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जनता की राय से तैयार किए घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने पर चर्चा। प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, वंचित वर्गों समेत सभी तबकों की आवाज को जगह दी गई है। उन्होंने कहा कि यूपी कांग्रेस का घोषणा पत्र उत्तर प्रदेश की प्रगति का रास्ता तैयार करने वाला दस्तावेज होगा।

## 75वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

# अब होमगार्ड के जवानों का 3 वर्ष में एक बार कॉल ऑफ होगा: गृह मंत्री

### होमगार्डस् ने साहस और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन किया

**भोपाल।** होमगार्ड के जवानों ने आपदा के समय अद्भुत साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया है। अब से होमगार्ड के जवानों का 3 वर्ष में एक बार कॉल ऑफ किया जाएगा। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने होमगार्डस् नागरिक सुरक्षा एवं आपदा, आपातकालीन मोचन बल के 75वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।



**जबलपुर में 135 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान बनेगा:** मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि जबलपुर में 135 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन दल को आधुनिक उपकरणों से लैस करने के लिये 50 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। समारोह में मंत्री डॉ. मिश्रा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों के साथ होमगार्ड जवानों के होनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित और पुरस्कृत किया। मंत्री डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा होमगार्ड के जवानों के लिये भेजे गये संदेश का वाचन भी किया। महानिदेशक होमगार्ड नागरिक सुरक्षा पवन जैन उपस्थित रहे।

होमगार्ड परेड ग्राउंड में 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में गृह मंत्री डॉ. मिश्रा को मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। एसडीईआरएफ के जवानों ने आपदा बचाव कार्यों का अद्भुत प्रदर्शन किया। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि होमगार्ड के जवानों ने बेहतरीन कार्य किया है। होमगार्ड के जवान आपदा में देश की सीमाओं पर कार्य करने वाले सेना के जवानों की तरह ही कार्य करते हैं। उनका साहस और शौर्य अतुलनीय और अभिनंदनीय है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि होमगार्ड के जवानों ने इस वर्ष में 550 रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए 9 हजार 827 लोगों की जिन्दगियाँ बचाई हैं। आपदा में स्वयं के प्राणों को संकट में डालकर काल-कवलित हुए 452 व्यक्तियों के शवों को निकालकर परिजनों को सुपुर्द किया है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020-21 में होमगार्ड द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये 12 हजार 591 सैनिकों और अधिकारियों को कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित किया गया। मंत्री डॉ. मिश्रा ने होमगार्ड के जवानों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार से परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार के निर्णय लिया है कि जवानों को 3 साल में एक बार कॉल ऑफ किया जाएगा, अब प्रति वर्ष कॉल ऑफ नहीं किया जाएगा।

### जबलपुर में बनेगा राष्ट्रीय स्तर का आपदा प्रबंधन संस्थान

मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि होमगार्ड प्रशिक्षण संस्थान की उपलब्ध भूमि पर राष्ट्रीय स्तर का आपदा प्रबंधन संस्थान बनाने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जबलपुर के मुंगेली में 165 एकड़ के परिसर में 135 करोड़ रूपये की लागत से संस्थान के निर्माण पर विचार किया जा रहा है। शीघ्र ही यह मूर्त रूप लेगा और जबलपुर में होमगार्डस् और एसडीईआरएफ के जवानों को बाढ़, आगजनी, भूकंप, रेल दुघर्टना, सड़क दुर्घटना, रासायनिक/ औद्योगिक दुर्घटनाएँ इत्यादि के समय लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिये उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जाकर प्रशिक्षित किया जा सकेगा।

### अत्याधुनिक संसाधनों के लिये 50 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने बताया कि आपदा प्रबंधन के कार्यों को और अधिक बेहतर तरीके से करने के लिये एसडीईआरएफ फंड से 50 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से 10 जीप, 58 यूटीलिटि व्हीकल, 20 बस, 100 से अधिक ड्रोन कैमरे और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## कांग्रेस प्रवक्ता नूरी खान ने इस्तीफा देने के बाद वापस लिया

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता नूरी खान ने अपने सभी पदों से इस्तीफा देने के कुछ देर बाद ही वापस भी ले लिया। इस्तीफा देने के कुछ देर बार नूरी खान ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर लिखा



कि आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथजी से चर्चा के बाद और आदरणीय कमलनाथजी के नेतृत्व में विश्वास के साथ मैं पार्टी को दिए इस्तीफ़े को वापस ले रही हूं। नूरी खान ने रविवार को अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। कुछ देर बाद ही इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट के जरिए उन्होंने अपना इस्तीफा वापस लेने की घोषणा भी कर दी।इससे पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की विचारधारा अल्पसंख्यक समाज के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैये की है। पार्टी में सिर्फ इस वजह से प्रतिभाओं को मौका नहीं दिया जाता, क्योंकि अल्पसंख्यक वर्ग से हैं।नूरी खान ने आगे कहा था कि यह मेरा कोई राजनीतिक आरोप नहीं है, आप खुद तथ्यात्मक रूप से आकलन करें। प्रदेश के जिलों में जिला कांग्रेस कमेटियों में कितने अध्यक्ष अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। प्रदेश के अग्रिम संगठनों में भी कोई प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक वर्ग से नहीं है।

## नागालैंड सैन्य फायरिंग, गलत पहचान के चलते चली गोलियां : अमित शाह

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड में गोलीबारी की घटना को लेकर संसद में हंगामा बरपा है। मामले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने



लोकसभा में बताया कि भारतीय सेना को नागालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों की आवाजाही की सूचना मिली थी। इसके आधार पर सेना के 21 पैरा कमांडो के एक दस्ते ने 4 दिसंबर को संदिग्ध क्षेत्र में एम्बुश लगाया गया था। इस दौरान एक वाहन एम्बुश के स्थान के समीप पहुंचा जिसे रुकने का इशारा किया गया था लेकिन वो रुकने के स्थान पर तेजी से निकलने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि आशंका के आधार पर वाहन में गोलियां चलाई गई। जिसकी वजह से 8 व्यक्तियों में से 6 की मौत हो गई। बाद में यह गलत पहचान का मामला पाया गया। वहीं 2 घायलों को सेना द्वारा ही इलाज हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यह सामाचार प्राप्त होने के बाद स्थानीय लोगों ने सेना की टुकड़ी को घेर लिया और वाहनों को जला दिया और हमला किया। इसके परिणामस्वरूप सुरक्षाबलों के एक जवान की मौत हो गई और कई जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलानी पड़ी।


# विद्यार्थी समाज में न्यायवान, ज्ञानवान और आदर्श नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाएँ : राज्यपाल श्री पटेल


### अवदेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का 9वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**भोपाल।** दीक्षांत समारोह जीवन के उद्देश्यों के संकल्प का अवसर है। हर विद्यार्थी जीवन के उद्देश्य निर्धारित कर नियमों का पालन करते हुए सही आचरण करे। समाज में न्यायवान, ज्ञानवान और आदर्श नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाएँ। राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल सोमवार को रीवा के अवदेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य और राष्ट्र हित जब एक समान होंगे, तभी जीवन सार्थक



बनेगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्राचीन ग्रंथों में बताया गया है कि व्यक्ति जन्म से नहीं, अपने कर्मों और ज्ञान से श्रेष्ठ बनता है। विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक बनाने में गुरूओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। नई नीति से विद्यार्थियों को अपने रूचि अनुसार विभिन्न विषयों को चुनने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जनजातियों को जागरूक कर उन्हें सिकल सेल जैसे रोग के निदान के लिये प्रेरित करें। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अवदेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने शिक्षा तथा अन्य कई क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बनाया है। विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति को तत्परता से लागू किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के कठिन काल में भी विश्वविद्यालय में पठन-पाठन और परीक्षाएँ संचालित हुई हैं।



## न्यूज़ ट्रैक....

### 13 दिसंबर को एनसीए निदेशक का पद संभालेंगे वीवीएस लक्ष्मण

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेट वीवीएस लक्ष्मण 13 दिसंबर को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) निदेशक का पद संभालेंगे। वह अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के साथ वेस्टइंडीज दौरे पर भी जाएंगे। इससे पहले बीसीसीआई ने लक्ष्मण के साथ ही ट्रॉय कूली की गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्ति को भी अपनी सहमति दे दी है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'लक्ष्मण के अनुबंध पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। वह 13 दिसंबर को बेंगलुरू में एनसीए से जुड़ेंगे। लक्ष्मण इसके साथ ही अंडर-19 आईसीसी विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज भी जाएंगे।' बीसीसीआई अधिकारी ने यह भी कहा है कि कि ऋषिकेश कानिटकर या सीतांशु कोटक में से कोई एक अंडर-19 प्रतियोगिता में मुख्य कोच की भूमिका निभाएगा।

### विश्व और राष्ट्रमंडल सीनियर चैम्पियनशिप से मीराबाई ने नाम वापस लिया

**नई दिल्ली ।** ओलिंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले माह सात से 17 दिसंबर के बीच उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल सीनियर चैम्पियनशिप में नहीं खेलेंगी। मीराबाई ने इन दोनो ही मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है। चानू ने इन दोनो ही मुकाबलों से हटने का फैसला मुख्य कोच विजय शर्मा की सलाह पर किया है। कोच ने कहा कि हमने पहले प्रतियोगिता के लिए चानू के नाम को भेजा था पर उनका प्रदर्शन अभी उतना अच्छा नहीं हो पा रहा है। हम उनके स्नैच की तकनीक पर थोड़ा और काम कर रहे है इसलिए उनका नाम वापस लिया गया। वह ओलंपिक पदक विजेता है, ऐसे में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए उनके प्रवेश की समस्या नहीं है। कोच मीरा को कोई परेशानी नहीं है पर यह एक रणनीतिक फैसला है। वह पिछले पांच साल से प्रतियोगिताओं में लगातार भाग ले रही है।

#### पहली पारी में 325 और दूसरी पारी में भारत ने बनाए 276 रन

# भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया न्यूजीलैंड

**मंबई।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज सहजता से बल्लेबाजी नहीं कर पाए। डेरेल मिचेल ने जरूर 92 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय हेनरी निकोल्स 36 और रचिन रविंद्र दो रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 27 रन देकर तीन और बाए हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने 42 रन देकर एक विकेट लिया है।अश्विन ने कार्यवाहक कप्तान और अपने प्रिय शिकार टॉम लैथम (06) को चाय के विश्राम से पहले एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसमें बल्लेबाज ने 'रिव्यू' भी गंवाया. यह आठवां अवसर है जबकि अश्विन ने लैथम को पवेलियन भेजा। अश्विन ने चायकाल के बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज विल यंग (20) को शार्ट लेग पर कैच कराया। विराट कोहली का 'रिव्यू' लेने का फैसला तब सही साबित हुआ था। अश्विन का इस वर्ष यह 50वां टेस्ट विकेट था। किसी एक कैलेंडर वर्ष में चौथी बार उन्होंने 50 से अधिक विकेट लिए जो कि भारतीय रिकॉर्ड है। न्यूजीलैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर (छह) ने अपना विकेट इनाम में दिया. वह अश्विन की ऑफ ब्रेक को नहीं समझ पाये और उसे हवा में लहरा बैठे। मिचेल और हेनरी निकोल्स ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की. मिचेल ने बीच बीच में आक्रामक तेवर भी अपनाए। फिर चाहे वह अक्षर पटेल पर लॉन्ग ऑन पर लगाया गया दर्शनीय छक्का हो या उमेश यादव पर लगातार दो चौके जिनसे उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। आखिर में अक्षर ने मिचेल की एकाग्रता भंग करके उन्हें सीमा रेखा पर जयंत यादव के हाथों कैच कराया. टॉम ब्लंडेल (शून्य) आते ही रन आउट हो गए।




### भारत ने दिखाई आक्रामक बल्लेबाजी

इससे पहले भारत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की. उसकी तरफ से दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (108 गेंदों पर 62), चेतेश्वर पुजारा (97 गेंदों पर 47), शुभमन गिल (75 गेंदों पर 47), अक्षर पटेल (26 गेंदों पर नाबाद 41) और कप्तान विराट कोहली (84 गेंदों पर 36) ने उपयोगी योगदान दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से पहली पारी में 119 रन देकर सभी 10 विकेट लेने वाले स्पिनर ऐजाज पटेल ने दूसरी पारी में 106 रन देकर चार जबकि रचिन रविंद्र ने 56 रन देकर तीन विकेट लिए। पटेल ने इस तरह से मैच में 225 रन देकर 14 विकेट लिए. यह भारत के खिलाफ किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### ऐजाज पटेल के 10 विकेट का करानामा गया बेकार

ऐजाज पटेल के 10 विकेट के कारनामे के बावजूद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था। भारत की तरफ से 70 ओवर में 25 चौके और 11 छक्के लगे. आलम यह था कि ऋद्धिमान साहा (13) को छोड़कर भारत के प्रत्येक बल्लेबाज ने छक्का जड़ा। अकेले अक्षर पटेल ने अपनी तूफानी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाये। श्रेयस अय्यर ने आठ गेंदों पर 14 रन की अपनी पारी में दो छक्के जड़े। भारत ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में केवल 28 ओवर में आउट कर दिया था, लेकिन कप्तान कोहली स्वयं को और उन बल्लेबाजों को मौका देना चाहते थे जो फॉर्म में नहीं थे और इसलिए उन्होंने कीवी टीम को फॉलोआन नहीं दिया। पुजारा ने इसका कुछ फायदा उठाया। उन्होंने अग्रवाल के साथ पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहली पारी में 150 रन बनाने वाले अग्रवाल ने फिर से दर्शनीय अर्धशतकीय पारी खेली। चोटिल होने के कारण शनिवार को पारी का आगाज नहीं करने वाले गिल और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े।



*मैड्रिड में रुसी टेनिस फेडरेशन के आंद्रे रुबलोव रुसी टेनिस फेडरेशन के कैप्टेन शेमिल टारपिशकेव को याद करते हुए डेनिल मेदवदेव और अन्य खिलाड़ियों के साथ नजर आये।*

### रहाणे की जगह अय्यर को शामिल करें : हरभजन

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को आजिंक्य रहाणे की जगह भारतीय टीम में शामिल करना चाहिये। हरभजन के अनुसार अय्यर तकनीकी रूप से काफी अच्छे बल्लेबाज हैं और जिस प्रकार उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनो पारियों में खेला है उससे यह बात साबित होती है। श्रेयस ने कानपुर में अपने पदार्पण टेस्ट की पहल पारी में शतक जबकि दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया था। वहीं रहाणे इस मैच में एक बार फिर बल्लेबाजी करते हुए नाकाम रहे हैं। रहाणे पिछले काफी समय से खराब फार्म से गुजर रहे हैं। वह पहले टेस्ट की दोनो पारियों में नाकाम रहे। ऐसे में भज्जी का मानना है कि रहाणे की जगह श्रेयस को अवसर दिया जाना चाहिये। हरभजन ने कहा, श्रेयस ने आखिरी मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी प्रतिभा दिखायी है।

### सचिन ने रोहित की नेतृत्व क्षमता को सराहा





**मुम्बई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने टीम इंडिया के टी20 कप्तान रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। सचिन ने कहा है कि रोहित एक ऐसे क्रिकेटर हैं जो किसी भी प्रकार के हालात में घबराते नहीं है। इसके साथ ही उनमें नेतृत्व क्षमता भी है। साल 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से ही रोहित अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने कई आईपीएल खिताब जीत हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया था। रोहित ने साल 2007 में एकदिवसीय और टी20 टीम में प्रवेश किया था पर उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिल पायी थी। टेस्ट टीम में जगह बनाने उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा था। तेंदुलकर का मानना है कि नेतृत्व करने की क्षमता के अलावा रोहित कठिन हालातों में भी धैर्य नहीं खोते हैं और यही खूबी उन्हें अन्य लोगों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, 'रोहित के साथ मेरी जो भी बातचीत रही है, मुझे लगता है कि उनके पास बहुत ही स्मार्ट क्रिकेटिंग दिमाग है। वह कभी घबराते नहीं है। मैंने पाया है कि वह दबाव को झेलने में सक्षम हैं और यह बात एक कप्तान में होने चाहिये।' साथ ही कहा कि उन्होंने शायद ही अपनी टीम को कभी निराश किया है। सचिन ने कहा कि मुंबई की फ्रेंचाइजी के साथ अपने कार्यकाल में रोहित सही समय पर सही फैसले लेने में सक्षम रहे हैं। सचिन ने कहा, 'ऐसी कई चीजें हैं जिनका एक कप्तान को ध्यान रखना होता है। अगर आप ऐसी स्थिति में हैं, जब टीम आपकी ओर देख रही है, तो यह अहम है कि कप्तान शांत रहे और काम करे। यही खूबी रोहित में भी नजर आती है।'

## व्यापारन्यूज

### आईआईटी खड़गपुर ने प्लेसमेंट का रिकार्ड तोड़ा

**कोलकाता ।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-खड़गपुर ने इस साल आईआईटी के इतिहास में सबसे ज्यादा प्लेसमेंट ऑफर दर्ज किए हैं, जिसमें अधिकतम पैकेज 2.40 करोड़ रुपए प्रति वर्ष का है। एक बयान के अनुसार आईआईटी-खड़गपुर ने 1,100 से अधिक प्लेसमेंट ऑफर दर्ज किए हैं। मौजूदा महामारी की स्थिति के बावजूद आईआईटी-खड़गपुर में बड़ी संख्या में प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) आए, जो भारत के अन्य सभी शीर्ष उच्च शैक्षणिक संस्थानों में सबसे अधिक संख्या है। छात्रों को 35 अंतरराष्ट्रीय ऑफर मिले। दो प्रमुख नियोक्ताओं ने 2-2.4 करोड़ रुपए प्रति वर्ष के पैकेज के साथ दो बड़े प्रस्ताव दिए। संस्थान का कहना है कि अब तक हमारे छात्रों को एक करोड़ रुपए के पैकेज वाले 20 से ज्यादा ऑफर मिले हैं। भर्ती करने वाली मुख्य कंपनियों में क्वालकॉम, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, उबर, इंटेल, अमेरिकन एक्सप्रेस, हनीवेल, सैमसंग और आईबीएम थी। आईआईटी-खड़गपुर के एक प्रवक्ता ने कहा कि सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, कंसल्टिंग, कोर इंजीनियरिंग, बैंकिंग, फाइनेंस समेत सभी क्षेत्रों की 100 से अधिक कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

### अप्रैल-नवंबर में कृषि निर्यात 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** भारत का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान 13 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 23.26 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चावल का निर्यात अप्रैल-नवंबर 2021-22 के दौरान 5.93 अरब डॉलर के साथ शीर्ष विदेशी मुद्रा अर्जक था, जो 2020-21 में इसी अवधि में 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.3 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष की आठ महीने की अवधि के दौरान मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों का निर्यात भी 12 प्रतिशत बढ़कर 2.66 अरब डॉलर हो गया। फलों और सब्जियों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 1.72 अरब डॉलर हो गया।

### वॉशिंग मशीन बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाएगी एलजी

**मुंबई ।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एलजी वॉशिंग मशीन बाजार में हिस्सेदारी बढ़ने की तैयारी करेगी। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इस श्रेणी में प्रीमियम और बड़ी क्षमता वाली वॉशिंग मशीन की ओर ग्राहकों के रुझान को देखकर निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वॉशिंग मशीन बाजार में नए खिलाड़ी भी उतर रहे हैं। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आने वाले वर्षों में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया बड़ी क्षमता वाली वॉशिंग मशीनों की एक नई श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि भारत में वॉशिंग मशीन का बाजार लगभग 15,000-16,000 करोड़ रुपये का है और 36.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एलजी इस श्रेणी में प्रमुख कंपनी है। उन्होंने कहा, ''हम वॉशिंग मशीन में अपनी बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करना चाहते हैं। एलजी के पास सब-डीलरों और वितरण का एक मजबूत नेटवर्क है। हमारे पास अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करने की पर्याप्त गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा कि उपकरण खंड में वॉशिग मशीन उच्च वृद्धि वाली श्रेणी रहेगी।

### सेमीकंडक्टर की कमी से कारों की मांग पर पड़ सकता है नकारात्मक असर: मारुति

**नई दिल्ली ।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का मानना है कि सेमीकंडक्टर की कमी से प्रतीक्षा अवधि बढ़ने से देश में कारों की मांग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। हालांकि, इसके साथ ही कंपनी ने कहा है कि पिछले कुछ माह के दौरान चिप की आपूर्ति धीरे-धीरे सुधर रही है। कंपनी के पास वर्तमान में लगभग 2.5 लाख इकाइयों का लंबित ऑर्डर है। वहीं बाजार में मांग भी लगातार मजबूत बनी हुई है। नवंबर में कंपनी का उत्पादन सामान्य का 80 प्रतिशत से अधिक रहा है।मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (मार्केटिंग और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा ?कि बुकिंग से पता चलता है कि मांग काफी मजबूत है। पूछताछ और बुकिंग दोनों में सुधार है। लेकिन अब उपलब्धता एक मुद्दा है और प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है।

# फिर महंगी हो रही हैं मारुति सुजुकी की कारें

### मारुति ने एक्सचेंज को दी जानकारी में खुलासा किया

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी जनवरी 2022 से अपनी कारों की महंगा करने जा रही है। एक्सचेंज को दी जानकारी में मारुति ने इसका खुलासा किया है। बता दें कि मारुति सुजुकी भारतीय बाजार में अपनी 15 कारों की बिक्री करती है। इनमें अरेना और नेक्सा ब्रांड्स शामिल हैं। मारुति की तरफ से एक्सचेंज में नियामक फाइनिंग के दौरान कहा गया है कि पिछले साल लागत में आई बढ़ोतरी के कारण वाहनों की कीमतों पर असर पड़ा है। ऐसे में इस बड़े भार का छोटा सा हिस्सा महंगी कीमतों के रूप में ग्राहकों को वहन करना पड़ेगा। मारुति सुजुकी जनवरी 2022 से अपनी पूरी लाइनअप को महंगा करने जा रही है। हालांकि, कारों की कीमतों को कितना बढ़ाया जाएगा इसके बारे में अभी मारुति की तरफ से कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। ऐसे में बढ़ी कीमतें अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट्स पर अलग-अलग होंगी। इससे पहले इसी साल सितंबर महीने में मारुति सुजुकी ने अपने ग्राहकों को झटका देते हुए अपनी कारों की कीमतों को महंगा कर दिया था। तब कंपनी ने अपनी पूरे लाइन-अप को 22,500 रुपये तक महंगा कर दिया था। तब कंपनी की तरफ से कहा गया था कि कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लागत में आई बढ़ोतरी के चलते उसे यह फैसला लेना पड़ रहा है। सितंबर महीने में मारुति सुजुकी ने अपनी कारों की कीमतों में 7,500 रुपये से लेकर 22,500 रुपये तक की बढ़ोतरी की थी। तब कंपनी ने मारुति सुजुकी ईको की कीमतों में सबसे ज्यादा 22,500 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, इस दौरान कंपनी ने अपनी मारुति सुजुकी एस-प्रेसो) की कीमत में 7500 रुपये की बढ़ोतरी की थी।



### विदेशी कंपनियां भी बढ़ा रही हैं कारों के दाम

**नई दिल्ली ।** कई विदेशी ऑटोमोबाइल कंपनियां अपनी कारों के दाम बढ़ाने वाली हैं और ऑडी के साथ ही मर्सिडीज ने अभी ही घोषणा कर दी है कि वह जनवरी 2022 के अपनी कारों की कीमत बढ़ा रही है। और भी कंपनियां अपनी कारों के दाम बढ़ा सकती है।

जर्मन लग्जरी कार कंपनी ऑडी ने 1 जनवरी 2022 से अपनी सभी कारों की कीमत 3 फीसदी बढ़ाने का ऐलान किया गया है और इसके पीछे कंपनी की दलील है कि इनपुट और ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ने की वजह से कार के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। फिलहाल ऑडी भारत में ऑडी ए4, ऑडी ए 6, ऑडी ए 8 एल, ऑडी क्यू 5, ऑडी क्यू 2, ऑडी क्यू 8,ऑडी एस5 र्स्पाटसबेक, ऑडी आरएस 5र्स्पाटसबेक, ऑडी आरएस क्यू8, ऑडी आरएस 7, ऑडी ई ट्रान 50, ऑडी ई ट्रान 55, ऑडी ई ट्रान र्स्पाटसबेक 55, ऑडी आरएस ई ट्रान जीटी और ऑडी ई ट्रान जीटी जैसी पॉपुलर कारें बिकती हैं। ऑडी ने इस साल 9 कारें लॉन्च कीं, जिनमें कुल 5 इलेक्ट्रिक कारें हैं। ऑडी के साथ ही मर्सिडीज बेंज ने भी भारत में अपनी कुछ कारों की कीमत में जनवरी 2021 से बढ़ोतरी का ऐलान किया है। मर्सडीज बेंज ए-क्लास, ई-क्लास, जीएलई 400 और जीएलई 400डी जैसी पॉपुलर कारों पर कंपनी ने 2 फीसदी प्राइस हाइक की घोषणा की है।

ऐसे में जो लोग ये कारें बुक करा चुके हैं और डिविलरी का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें तो राहत रहेगी और जो लोग इस महीने मर्सिडीज की ये कारें खरीदना चाहते हैं, बाकी अगले महीने से इन कारों की कीमत बढ़ जाएगी और आपकी जेब पर अच्छा-खासा बोझ पड़ने वाला है। कंपनी का कहना है कि इनपुट कॉस्ट बढ़ने की वजह से कंपनी कार की कीमत बढ़ाने को विवश है। बता दें कि भारत में अगले साल की शुरुआत से ही, यानी जनवरी 2022 से कार ग्राहकों की जेब पर बोझ बढ़ने वाला है। देशी और विदेशी सभी कंपनियां अपनी कारों के दाम बढाने जा रही है।

### हीरो मोटोकॉर्प को नवंबर माह में लगा बड़ा झटका

#### बजाज ऑटो ने बेच डाली सबसे ज्यादा बाइक्स



**नई दिल्ली ।** हीरो मोटोकॉर्प को नवंबर महीने में बड़ा झटका लगा है। हीरो मोटोकॉर्प को पछाड़ बजाज ऑटो सबसे ज्यादा बाइक बेचने वाली कंपनी (घरेलू बिक्री और एक्सपोर्ट को मिलाकर) बन गई है। दोनों ही कंपनियों की बिक्री में बीते साल नवंबर के मुकाबले गिरावट दर्ज हुई है। बजाज ऑटो ने नवंबर 2021 में कुल 338,473 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है। यह पिछले साल नवंबर के मुकाबले 12 फीसदी की गिरावट है। नवंबर 2020 में कंपनी ने 384,993 यूनिट्स की बिक्री की थी। वहीं, हीरो मोटोकॉर्प की बात करें तो देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी ने बीते महीने कुल 329,185 मोटरसाइकिल्स को बेचा है। यह आंकड़े घरेलू बिक्री और एक्सपोर्ट को मिलाकर हैं। हीरो मोटोकॉर्प ने नवंबर 2021 में कुल मोटरसाइकिल बिक्री में 39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 541,437 यूनिट्स की बिक्री की थी। हालांकि, ऐसा कम ही देखने को मिलता है, जब बजाज ऑटो ओवरऑल मोटरसाइकिल बिक्री में हीरो मोटोकॉर्प से आगे निकल जाए।

बजाज ऑटो को सबसे बड़ा सहारा एक्सपोर्ट बाजार से मिला है। एक्सपोर्ट में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज के बावजूद, बजाज ऑटो को अपनी मोटरसाइकिल की आधी से अधिक बिक्री अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिली है। कंपनी ने 193,520 मोटरसाइकिलों को विदेशी बाजारों में एक्सपोर्ट किया है, और घरेलू बाजार में 144,953 यूनिट्स की बिक्री की है। बजाज ऑटो वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 70 देशों में अपनी मोटरसाइकिल बेचती है।

# इस माह लॉन्च हो सकता है साइबर सिक्युरिटी फर्म इंस्पिरा का आइपीओ

**नई दिल्ली ।** साइबर सुरक्षा फर्म इंस्पिरा एंटरप्राइज इंडिया इस माह अपने 800 करोड़ रुपए आकार वाले आइपीओ को लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा इंस्पिरा इस इश्यू से मिली रकम को वैश्विक आधार पर अमेरिका में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में करेगी। मुंबई स्थित कंपनी की सिंगापुर, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, अमेरिका और केन्या जैसे छह देशों में मौजूदगी है। कंपनी नए सिरे से इक्विटी शेयर जारी कर 300 करोड़ रुपए जुटाने पर विचार कर रही है। इसके अलावा, प्रकाश जैन, मंजुला जैन फैमिली ट्रस्ट और प्रकाश जैन फैमिली ट्रस्ट द्वारा 500 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश की जाएगी। इंस्पिरा के प्रबंध निदेशक चेतन जैन ने कहा कि हम इस महीने में क्रिसमस की छुट्टियों से पहले अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। अगर किसी वजह से हम इस महीने अपना आइपीओ लॉन्च नहीं कर पाते हैं, तो हम निश्चित रूप से अगले महीने पब्लिक इश्यू लॉन्च करेंगे। आपको बताते चलें कि, कंपनी को पब्लिक इश्यू लॉन्च करने के लिए पहले ही सेबी की हरी झंडी मिल चुकी है। कंपनी की तरफ से दिए गए बयानों के मुताबिक, नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग भौगोलिक रूप से कंपनी की उपस्थिति का विस्तार करने के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कनोदिया ने कहा हम नए बाजारों में अपनी उपस्थिति बनाने और नए वर्टिकल में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस की जरूरत को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने का इरादा रखते हैं। हमने अभी-अभी अमेरिका में एक कार्यालय खोला है और हम अगले दो-तीन वर्षों में अमेरिका में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करना चाहते हैं। इसके अलावा हम यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश कर रहे हैं। आइपीओ से मिली रकम का उपयोग कर्ज के पुनर्भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कंपनी अपने ग्राहकों को साइबर सुरक्षा और डिजिटल परिवर्तन सेवाएं प्रदान करती है और भारत में विभिन्न संस्थानों के लिए बड़ी साइबर सुरक्षा परिवर्तन परियोजनाओं, बुनियादी ढांचे और डिजिटल परिवर्तन परियोजनाओं को क्रियान्वित करती है।

# हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने सहकारिता मंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



### अवैध मजारे निर्माण, प्राचीन किले में होने वाले अतिक्रमण को रोकने दिया ज्ञापन, एवं किलो को पर्यटक क्षेत्र घोषित करने की मांग

भिण्ड। हिंदू जागरण मंच जिला इकाई के पदाधिकारी सोमवार को लोकसेवा एवं सहकारिता मंत्री मप्र शासन से मुलाकात करते हुए एक ज्ञापन दिया है जिसमें बताया कि नगर में स्थित प्राचीन किला जो महाराजा पृथ्वीराज चौहान द्वारा निर्मित किया गया है, जिस पर भदावर सियासत का अधिपत्य रहा है। स्वतंत्रता पश्चात से 1990 तक जिला कलेक्टर कार्यालय से लेकर सभी कार्यालय इसी में संचालित होते रहे हैं और आज भी इस किले में भारतीय पुरातत्व विभाग कार्यालय शासकीय कन्या महाविद्यालय व होम गार्ड कार्यालय संचालित हो रहा है। इसलिए किले में भिंडी ऋषि की तपोसीली का स्थान और मंदिर व समाधी भी स्थित है तथा राधाकृष्ण, रूकमणी जी का स्मृति प्राचीन मंदिर स्थित है जो संपूर्ण हिंदू समाज के लिए धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसलिए किले में मजारों के रूप में अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे भदावर कालीन धरोहरों को नष्ट किया जा रहा है जिससे भिंड नगर के हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही है, इस संबंध में पहले भी ज्ञापन दिये जा चुके हैं। हिंदू जागरण मंच जिला इकाई भिण्ड की मांग है कि भदावर कालीन किले को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया कर जीर्णोधार किया जाये और किले को पर्यटक क्षेत्र घोषित किये जाने की मंत्री से मांग की।

ज्ञापन देने वालों में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी राजू सिंह कुशवाह जिलाध्यक्ष, श्रीकांत सोनी जिला महामंत्री, उदय राठौर जिला बेटी बचाओ प्रमुख, प्रशांत परमार जिला संपर्क प्रमुख, शिव कुमार सिंह कुशवाहा जिला विधि प्रमुख, दशरथ जी खटीक जिला युवा वाहिनी प्रमुख, हिमांशु भदोरिया नगर अध्यक्ष विशाल तोमर नगर महामंत्री, दिनेश लकीरे नगर उपाध्यक्ष, पवन बाल्मीकि नगर उपाध्यक्ष नरसिंह नगर मंत्री, भास्कर गॉड गोलू पांडे, शिवम सोनी, आदित्य जोशी आदि सहित एक सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

# कलेक्टर एवं एसपी ने संयुक्त रूप से पंचायत निर्वाचन हेतु रौन, लहार स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं नवागत पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय रौन, बालिका छात्रावास रौन, शासकीय महाविद्यालय लहार एवं इण्डोर स्टेडियम लहार में ईव्हीएम व मतपत्र पेटी के स्ट्रॉग रूम, मतगणना सामग्री वितरण स्थल, पंचायत वार प्रस्तावित मतगणना कक्ष, ऑब्जर्वर कक्ष, मीडिया कक्ष, शौचालय, पेयजल, वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा के लिए कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना कक्षों में प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं व मतगणाना कर्मियों के लिए प्रस्तावित पृथक-पृथक प्रवेश व्यवस्था का अवलोकन भी किया। साथ ही उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्ट्रॉन्ग रूम में देखी गई खामियों में सुधार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का पालन करते हुए मतदान सामग्री वितरण और मतगणना व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्षों तक ईव्हीएम, मतपत्रों को पहुंचाने के लिए पृथक से सुरक्षित गैलरी बनाई जाए। उन्होंने निर्वाचन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# यादव के युवा मोर्चा में प्रदेश कार्यकरणी सदस्य बनने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर किया स्वागत



गोरमी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गोरमी नगर के युवा नेता ओंमकर यादव पूर्व पार्षद को प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के आवास पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमकार यादव को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक, वरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे, पटेल यादव, निर्मल आर्य, दिनेश यादव, सोनू भदोरिया, मोनू शर्मा, राहुल कटारे आदि शामिल है।

# अभाविप ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस



भिण्ड। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई गोहद ने सामाजिक समरसता के दिवस पर नया बस स्टैंड अंबेडकर पार्क पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें बाबा साहेब जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया परिषद के नगर मंत्री कुशल शर्मा ने बताया बाबासाहेब ने अपने अडिग इरादों के चलते उन्होंने संविधान के रूप में भारत के सभी नागरिकों को सम्मान दिलाया। बाबा साहेब द्वारा बनाया गया संविधान सभी नागरिकों के लिए राष्ट्रीय धरोहर है इस अवसर पर कपिल शर्मा, राहुल साड़ियां, दीपू पटेल, शिव कांत शर्मा, सौरव गुर्जर, राहुल भदोरिया, विजय, लवकुश नंदा आदि परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीमद भागवत कथा के सुनने से मनुष्य को वैभव और पितरों को मिलता है मोक्षः डॉ सन्तोष दास जी महाराज

### श्रीमद भागवत कथा पंडाल में उमड़ा लोगों का हुजूम



भिण्ड। नगर लहार के ब्लॉक कॉलोनी में माँ आदि शक्ति एवम शिवपरिवार प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को पूज्य कथा बाचक पूज्य महाराज डॉ सन्तोष दास जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया,मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है जबकि शरीर नश्वर है उन्होंने कहा कि भागवत बताती है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है,जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए,भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं, उन्होंने बताया सुनीति महाराज उत्तानपाद की रानी थीं जिनके गर्भ से ध्रुव जैसे तेजस्वी बालक ने जन्म लिया था महाराज उत्तानपाद की दो रानियाँ थीं सुनीति और सुरुचि उत्तानपाद के सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र उत्पन्न हुये थे यद्यपि सुनीति बड़ी रानी थीं किन्तु राजा उत्तानपाद का प्रेम सुरुचि के प्रति अधिक था ध्रुव अपने घर से तपस्या के लिए जा रहे थे रास्ते में उन्हें देवर्षि नारद मिले उन्होंने ध्रुव को ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप कर के भगवान विष्णु की तपस्या करने को कहा ध्रुव ने नारद जी की बात मानकर एक पैर पर खड़े होकर छह माह तक कठोर तप किया बालक की तपस्या देख भगवान विष्णु ने दर्शन देकर उसे उच्चतम पद प्राप्त करने का वरदान दिया। इसी के बाद बालक ध्रुव की याद में सर्वाधिक चमकने वाले तारे को नाम ध्रुवतारा दिया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के पदो के आरक्षण की कार्यवाही 14 दिसम्बर को

भिण्ड । संचालक पंचायत राज संचालनालय म.प्र.भोपाल द्वारा समस्त कलेक्टर म.प्र. एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत म.प्र. को पत्र जारी कर कहा है कि म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 32 एवं म.प्र. पंचायत (उप सरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के अनुसार अध्यक्ष जिला पंचायत के पदो के आरक्षण की कार्यवाही 14 दिसम्बर 2021 दिन मंगलवार नियत की गई है। यह कार्यवाही जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी संस्थान) भोपाल के आडिटोरियम में प्रातः12 बजे से प्रारंभ होगी। अध्यक्ष जिला पंचायत के पदो के आरक्षण की कार्यवाही के कार्यक्रम की सूचना संचालक पंचायत राज संचानलालय के सूचना पटल पर, समस्त कलेक्टर कार्यालय के सूचना पटल पर एवं समस्त जिला पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर दिनांक 14 दिसम्बर 2021 दिन मंगलवार से सात दिन पूर्व से चस्पा करें। लॉट निकलने की कार्यवाही में इच्छुक व्यक्ति, जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर कार्यवाही में भाग ले सकेगें।

# भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष विश्व प्रतापसिंह ने जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर



### कल्याण पैसेल में 55 युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान, केक काटकर बनाया जिलाध्यक्ष का जन्मदिन

भिण्ड। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्व प्रतापसिंह कुशवाह ने अपना 28 वां जन्मदिन शहर के कल्याण पैलेस मानपुरा में मनाया। इस मौके पर श्री कुशवाह ने रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग 55 युवाओं ने अपनी स्वेच्छा से जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए रक्तदान किया। जिसके बाद जिलाध्यक्ष विश्व प्रतापसिंह कुशवाह ने सभी के बीच में केट काटकर जन्म दिन मनाया गया।

इस अवसर पर श्री कुशवाह ने कहा कि जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर युवाओं को संदेश देना चाहता हूं कि रक्तदान से बड़कर कोई दान नहीं होता है क्योंकि इससे हम लोग एक दूसरे की जान बचा सकते है इसलिए लोगों को जरुरत पड़ने पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इस तरह से श्री कुशवाह ने एक अच्छा संदेश दिया है। वहीं इस शिविर में कई रक्तदाता ऐसे भी दिखे जिन्होंने जीवन में पहली बार रक्तदान

## संक्षिप्त समाचार

### निर्वाचन संबंधी विभिन्न कार्यवाहियों की अनुमति जारी करने हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी अधिकृत

भिण्ड । त्रिस्तरीय पंचायत की आम निर्वाचन 2021 के तहत निम्नानुसार कार्यवाहियों की अनुमति जारी करने हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने अपने मुख्यालय के निर्वाचन क्षेत्रो के लिए तथा विकास खण्ड रौन, निर्वाचन क्षेत्र हेतु संबंधित तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफीसर (पंचायत ) को अधिकृत किया गया है। इन कार्यो के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफीसर पंचायत परीक्षण उपरांत म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक अनुमतियां जारी करेंगे तथा सिंगल विण्डो स्थापित कर सभी प्रकार की अनुमतियां जारी की जावे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीष कुमार एस ने आदेश में कहा है कि निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलो को चुनाव प्रचार हेतु निर्धारित संख्या में वाहन उपयोग की अनुमति देना, चुनाव प्रचार हेतु जुलूस या रैली निकालने, सभा आयोजित करने तथा हैलीपेड पर हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति प्रदाय करना, चुनाव प्रचार हेतु निर्वाचन सामग्री की अनुमति देना, चुनाव प्रचार हेतु लोकल केवल पर निर्वाचन संबंधी सूचना के प्रचारण की अनुमति देना एवं निर्वाचन कार्य हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में उपयोग में आने वाले वाहनो को पीओएल स्थानीय पेट्रोल पम्प भरवाने हेतु क्रेडिट स्लिप जारी करने के लिए अधिकृत किया है।

### घर से निकला युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल, उपचार के बाद मौत

भिण्ड। रावतपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक की सडक हादसे में मौत हो गई थी। युवकए किसी काम से घर से निकला हुआ था, तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक लहार के रहने वाले उपेंद्र उम्र 22 पुत्र करन सिंह कुशवाह किसी काम से रावतपुरा आए हुआ था। रावतपुरा गांव के पास आरा मशीन के सामने युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उपेंद्र के गंभीर रूप से चोट आई थी। सडक हादसे की सूचना पर रावतपुरा पुलिस मौके पर पहुंचीए जहां से प्राथमिक उपचार के लिए लहार सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर बताते हुए ग्वालियर रेफर किया। ग्वालियर के जेएएच अस्पताल में उपचार के दौरान उपेंद्र ने दम तोड दिया। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### 51 क्वार्टर जब्त आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। रौन थाना क्षेत्र के ग्राम निवसाई श्रीकृष्ण बघेल के गोडा के पास एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्ती की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर 3.05 बजे मिथलेश यादव निवासी ग्राम निवसाई गांव में अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, सूचना मिलते दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से 51 क्वार्टर शराब कीमत 9 हजार रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### चार लोगों ने एक युवक को पीटा, कट्टे से फायरिंग

भिण्ड। कोतवाली थाना क्षेत्र तमोली मोहल्ला में एक युवक के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं उक्त बदमाशों न कट्टे से हवाई फायरिंग की। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह 11.30 बजे हुजेप पुत्र अनीष सिद्धकी निवासी सुभाष नगर ने बताया उसका चप्पल का गोदाम तमोली मोहल्ले में है और जब वह गोदाम पर था तो इसी दौरान आरोपी किशनश्रीवास निवासी फल मंडी, अमन जैन निवासी तमोली मोहल्ला, बादल जैन, तमोली मोहल्ला, बॉबी राजपूत निवासी लहार चुंगी ने एकराय होकर उसके साथ गाली-गलौज किया और जान से मारने की नियत से कट्टे से फायरिंग की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### सड़क पर मिट्टी डालने को लेकर युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के मातादीन का पुरा में रोड पर मिट्टी डालने को लेकर झगड़ा शुरु हो गया तो एक युवक के साथ दो लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विश्राम पुत्र भारतसिंह यादव निवासी मातादीन ने बताया शनिवार शाम 7.05 बजे रोड पर आरोपी विनोद यादव, चन्द्रशेखर यादव निवासी मातादीन का पुरा मिट्टी डाल रहे थे, जब उसने मना किया तो दोनों ने उसकी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## ढाक के तीन पात

सरकारों की बयानबाजी और बड़े-बड़े दावों की जमीनी हकीकत क्या होती है, उसकी बानगी दिल्ली में मौजूद प्रदूषण की घातक स्थिति है। वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक बरकरार रहने की चिंता के बाबत दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि वास्तव में जमीनी स्तर पर प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में विभिन्न राज्य सरकारों व सरकारी एजेंसियों ने कुछ भी प्रयास नहीं किये। दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को वायु प्रदूषण कम करने के निर्देश दिये थे और केंद्र सरकार की मंशा अच्छी थी लेकिन इस दिशा में क्रियान्वयन शून्य ही रहा। यह हकीकत दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों द्वारा बयां की जा रही है जो सांसों के लिये हांफ रहे हैं। यह विडंबना ही है कि तमाम दावों के बावजूद वायु गुणवत्ता का सूचकांक यानी एक्यूआई की माप नियमित रूप से 350 से अधिक है और कई बार 400 को छू रही है जो स्वयं गंभीर स्थिति को ही दर्शाती है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गंभीर सांस संबंधी रोगों से जूझने वाले मरीज व वृद्ध लोग किन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे होंगे। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कोरोना महामारी के दौरान वे ही लोग इसकी चपेट में आये थे, जिनके फेफड़े कमजोर थे। ऐसे में जब कोरोना संक्रमण का खतरा टला नहीं है, ये हालात महामारी के लिये जमीन तैयार करते हैं। ऐसे स्थिति में विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र को युद्धस्तर पर पहल करके प्रदूषण के खात्मे के लिये कदम उठाने चाहिए थे। लेकिन तंत्र की काहिली ऐसा करने की स्थिति में नजर नहीं आती जो राज्य सरकारों की जनसरोकारों के प्रति संवेदनहीनता को ही उजागर करता है। जिसका खमियाजा आम व खास को सामूहिक रूप से भुगतना पड़ता है। सर्वविदित है कि दो सप्ताह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को देश की राजधानी में भयावह होती वायु गुणवत्ता पर व्यापक विचार-विमर्श के लिये दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ अविलंब बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के निर्देश पर बैठक भी आयोजित की भी गई और समस्या के निदान के लिये विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया। इतना ही नहीं, इस समस्या के समाधान के लिये संबंधित सरकारों व विभागों को निर्देश भी जारी कर दिये गये थे मगर परिणाम वहीं ढाक के तीन पात। जैसा कि अदालत ने टिप्पणी भी की थी कि लगता है जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर सॉलिसिटर जनरल ने स्वीकार किया कि इन सरकारों से कई माह पूर्व भी जरूरी कदम उठाने को कहा गया था। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि सरकारें व सरकारी एजेंसियां दिल्ली के प्रदूषण के जानलेवा स्तर तक पहुंचने के बावजूद स्थिति को गंभीरता से नहीं ले रही हैं और निर्देशों की अनदेखी कर रही हैं। यदि कोई कोशिश हुई भी तो पालन पूरी तरह से नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में उठाये गये कदमों की रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश भी दिये। साथ ही चेताया भी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो इस दिशा में ठोस पहल के लिये अदालत स्वतंत्र टास्क फोर्स गठित कर सकती है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से ऐसा लगता है कि सभी सरकारें अपनी नाकामियों का ठीकरा कभी किसानों के पराली जलाने पर तो कभी हवाओं के रुख में बदलाव के बाबत मौसम पर फोड़ देती हैं। प्रतीत होता है कि सरकारें इसलिए हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं जैसे किसान पराली जलाना बंद कर देंगे।

# सीमा सुरक्षा बल के समक्ष दरपेश चुनौतियां

**तनवीर जाफ़री**

देश के पांच महत्वपूर्ण केंद्रीय अर्ध सैनिक सुरक्षा बलों में सीमा सुरक्षा बल भी एक अति महत्वपूर्ण अर्ध सैन्य संगठन है। इसका मुख्य कार्य पंजाब, राजस्थान, बंगाल, की तरह अनेक मैदानी, दलदली, जंगली व रेगिस्तानी इलाक़ों तथा पूर्वोत्तर के आसाम,मेघालय,त्रिपुरा जैसे अनेक क्षेत्रों के सीमान्त इलाक़ों पर नज़र बनाए रखना,इन इलाक़ों से होने वाली किसी भी संभावित घुसपैठ को रोकना,तस्करी व अवैध सामग्री के आवागमन को रोकना तथा देश की लगती सीमाओं पर सद्भाव बनाए रखना आदि शामिल है। गत एक दिसंबर को सीमा सुरक्षा बल ने अपना 57 वां स्थापना दिवस मनाया। देश की सीमाओं के सजग प्रहरी और मातृभूमि की रक्षा के लिये सर्वोच्च बलिदान देने में पीछे न हटने वाले इस सीमा सुरक्षा बल का गठन 1965 में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान एक दिसंबर 1965 को किया गया था। पहले इसका अधिकार व कार्य क्षेत्र सीमा से पंद्रह किलोमीटर के भीतरी क्षेत्रों तक ही था जिसे केंद्र सरकार ने कुछ समय पूर्व बढ़ाकर 50 किलोमीटर तक कर दिया था। गोया जिस सीमा सुरक्षा बल को सीमा से मात्र पंद्रह किलोमीटर तक अपना कार्य करने का अधिकार था वह अब पचास किलोमीटर तक के क्षेत्र में अपना दख़ल रख सकेगी। यानी एक तरफ़ तो बी एस एफ़ के कार्य क्षेत्र को तीन गुने से अधिक बढ़ाया गया अर्थात उसके कार्य व ज़िम्मेदारियों में इज़ाफ़ा किया गया तो दूसरी ओर साथ ही साथ सीमा सुरक्षा बल की तैनाती वाले सीमान्त राज्यों के कार्य क्षेत्र में दख़ल अंदाज़ी करने का आरोप भी केंद्र सरकार पर लगने लगा। पंजाब की चरणजीत सिंह चन्नी सरकार ने तो एक प्रस्ताव पारित कर सीमा सुरक्षा बल का अधिकार क्षेत्र 15 किमी से 50 किमी किए जाने को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जारी किये गये नोटिफ़िकेशन को ही पंजाब विधानसभा में रद्द कर दिया है। पंजाब के उप मुख्य मंत्री सुखजिंदर रंधावा ने तो यहां तक कहा कि सीमा सुरक्षा बल का अधिकार क्षेत्र बढ़ाना राज्य और उसकी पुलिस का अपमान है। इसी तरह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सीमा सुरक्षा बल के कार्य क्षेत्र का दायरा 15 किमी से 50 किमी किए जाने के सख़्त ख़िलाफ़ हैं। गत दिनों ममता ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इस मुलाक़ात में उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाये जाने और त्रिपुरा हिंसा का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री से मुलाक़ात के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से बी एस एफ़ के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि-%क्स्न्न हमारा दुश्मन नहीं है। मैं सभी एजेंसियों की इज़्ज़त करती हूं लेकिन कानून-व्यवस्था, जो राज्य का विषय है इससे उसमें टकराव होता है। ममता बनर्जी ने बताया कि उन्होंने बैठक के दौरान पीएम मोदी से कहा कि संघीय ढांचे को बेवजह छेड़ना ठीक नहीं है। मैं इलाक़ों पर जबरन किसी को नियंत्रण नहीं करने दूंगी। इसके बारे में आप चर्चा कीजिए और बीएसएफ़ के क़ानून को वापस लीजिए. बीएसएफ़ और क़ानून-व्यवस्था के बीच संघर्ष होता है। 2016-17 के दौरान यही बी एस एफ़ उस समय भी चर्चा में आई थी जबकि इसके एक जवान तेज बहादुर यादव ने सैन्य जवानों को घटिया क़िस्म का खाना दिये जाने का एक वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसके बाद उस जवान को



बर्ख़ास्त किया गया। फिर वही जवान 2019 में प्रधानमंत्री के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाराणसी की लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी के रूप में भी सुर्ख़ियों में आया। सीमा सुरक्षा बल में बेहतर %रोटी की जंग% छेड़ने वाले जवान तेज बहादुर को 19 अप्रैल 2017 को सेना से बर्ख़ास्त भी कर दिया गया था। ऐसे में सवाल यह है कि सीमा सुरक्षा बल का कार्य क्षेत्र 15 से 50 किलोमीटर बढ़ा कर राज्यों के कार्य क्षेत्र में दख़ल अंदाज़ी जैसा विवाद खड़ा करना ज़्यादा ज़रूरी है या इसी बी एस एफ़ को और अधिक शक्तिशाली बनाना,सुविधा संपन्न बनाना,जवानों को बेहतर खाना,वर्दी,सीमाओं पर बेहतर रिहाइशी प्रबंध उपलब्ध कराना,आधुनिक शस्त्र व वाहनों से लैस करना तथा आवश्यकतानुसार उनकी संख्या में समय समय पर इज़ाफ़ा करते रहना ? पिछले दिनों मुझे मेघालय के सघन वर्षा क्षेत्र चेरापूंजी जाने का अवसर मिला। यहाँ से लगभग दो घंटे के कार चालन के बाद डोकी नामक पूर्वोत्तर का देश का अंतिम पर्यटन स्थल है। इसी के साथ बांग्लादेश की सीमा आरंभ हो जाती है। जिस दिन मैं पहाड़ी नदी डोकी में नौकायन का आनंद ले रहा था इत्तेफ़ाक़ से वह शुक्रवार का दिन था। इस दिन बांग्लादेश में अवकाश होता है।और लाखों बांग्लादेशी पर्यटक डोंकी नदी में नौकायन व अन्य जल क्रीड़ाओं हेतु इसी सीमावर्ती क्षेत्र में आते हैं। मेघालय क्षेत्र की भारतीय पर्वत श्रृंखला से निकलने वाली डोकी नदी मात्र आधा किलोमीटर प्रवाहित होने के बाद मैदानी नदी का रूप धारण करते हुए बांग्लादेश की सरहदों में प्रवेश कर जाती है। विश्वास कीजिये कि लाखों बांग्लादेशी पर्यटकों पर नज़र रखने के लिये,नदी के इन उबड़ खाबड़ पथरीले व रेतीले किनारों पर सीमा सुरक्षा बल के मात्र तीन जवान तैनात हैं। भारी भीड़ में यह जवान दिखाई भी नहीं देते। कई बार यह जवान बांग्लादेशी नागरिकों,फ़ोटोग्राफ़र्स तथा बांग्लादेशी सामग्री बेचने वाले लोगों से बात चीत करते हुए घिरे होते हैं। तेज़ धूप में एक हाथ में शस्त्र और दूसरे हाथ में छतरी लिये जवान किसी भी संभावित घुसपैठ को रोकने के लिये तैनात रहते हैं। डोकी के साथ ही भारत बांग्लादेश के सीमान्त मुख्य द्वार भी हैं। यहाँ भी दोनों देशों के मुख्य द्वार के मध्य के लगभग 50 मीटर क्षेत्र में दोनों ही देशों के नागरिक आते जाते हैं एक दूसरे से मिलते व फ़ोटो खिंचाते हैं।

परन्तु निःसंदेह, तराई, पहाड़ी, नदी व मैदानी क्षेत्रों की हज़ारों किलोमीटर की ऐसी सीमाओं पर नज़रें गाड़ कर रखना और किसी पड़ोसी देश के किसी भी नापाक मंसूबों को नाकाम करना बी एस एफ़ के लिये एक बड़ी चुनौती है। ख़ास तौर पर ऐसे में और अधिक जबकि डोकी जैसे ऐसे संयुक्त पर्यटन स्थल पर नज़र रखनी हो जहाँ दोनों ही देशों के पर्यटक बड़ी संख्या में इकट्ठे होते हों। इसी सीमा मार्ग से भारत प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक पत्थर का निर्यात मेघालय से बांग्लादेश को भी कर रहा हो। और ट्रकों के आने जाने का तांता लगा रहता हो। तेज बहादुर यादव की बर्ख़ास्तगी के बाद हालाँकि सीमा सुरक्षा बल के जवान अपनी परेशानियों व दुःख तकलीफ़ को आम लोगों से सांझा करने से कतराते हैं। यहाँ तक कि अपने साथ चित्र खिंचवाने या इन्हें वायरल करने से भी गुरेज़ करते हैं परन्तु उनके समक्ष दरपेश चुनौतियां उनके चेहरों से साफ़ झलकती हैं।

## मन का क्रिय

एक प्रोफेसर अपने कमरे में बैठे थे। उनके पास एक व्यक्ति आकर बोला, धन्यवाद, आप जैसा परिश्रमी और योग्य प्रोफेसर मैंने नहीं देखा। आपके परिश्रम से ही मेरा लड़का उत्तीर्ण हो सका है। सौ-सौ साधुवाद! इतने में दूसरा व्यक्ति आकर बोला, आप जैसा परिश्रम से जी चुराने वाला प्रोफेसर मैंने कहीं नहीं देखा। आपके कारण ही मेरा लड़का अनुत्तीर्ण हुआ।% पहले व्यक्ति की बात सुनकर प्रोफेसर प्रसन्नता से झूम उठा और दूसरे व्यक्ति की बात सुनकर वह विषण्ण हो गया। यह सारा खेल मन का है। एक घटना मन के अनुकूल थी तो प्रसन्नता का प्रवाह चल पड़ा। वहीं दूसरी घटना मन के प्रतिकूल थी तो विषण्णता का वातावरण बन गया। जब भोजन अच्छा बनता है तो पत्नी को उसके लिए सौ-सौ साधुवाद दिया जाता है। जब कभी भोजन स्वादिष्ट नहीं बनता या नहीं लगता तब परोसी हुई थाली को ठोकर भी मार दी जाती है। यह सारा मन का कार्य ही होता है। भोजन सिर्फ भोजन होता है। पदार्थ सिर्फ पदार्थ होता है। उसमें स्वादिष्ट या अस्वादिष्ट का आरोपण हम स्वयं करते हैं, हमारा मन करता है।

# कहो तो कह दूँः गालों पर पचास चांटे खाओ और हसीन बन जाओ

**चैतन्य भट्ट**

पूरे संसार की महिलाएं बेवजह अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए ब्यूटी पार्लर जाकर हजारों रुपए खर्च करती हैं वे हसीन दिखें इसके लिए तमाम तरह की कोशिश भी करती हैं ÷फेशियल÷ या चेहरे की ÷मसाज÷ तो आजकल आम बात हो गई है,शादी ब्याह में जाना हो तो जिसकी शादी होने वाली है उसके पहले वधु की अम्मा, चाचियां, बहनें, सहेलियां ब्यूटी पार्लर पंहुच जाती हैं घंटो तक उनका मेकअप चलता है ये बात अलग है कि वे उसके बाद भी वैसी की वैसी ही दिखाई देती हैं हाँ उनके मन में संतोष जरूर हो जाता है कि वे हसीन दिखाई दे रही हैं द्य ब्यूटी पार्लर वालों के पास भी मेकअप करने के लिए सामान की कमी नहीं रहती हर मेकअप में मॉस्चराइजर फाउंडेशन, क्लींजर, प्राइमर कंसीलर,आई शेडो, काजल, मस्करा, सिन्दूर, आई लाइनर, फेस पाउडर, आइब्रो पेन्सिल,आई लैशेस, लिपस्टिक, नेल पेंट, ब्लश, कम्पेक्ट पॉउडर, बिंदी, आलता, फेस क्रीम, मेंहदी, कुमकुम जैसे चीजे जरूरी होती है और उन सबके बदले मोटी रकम वसूली जाती है महिलाओं से द्य लेकिन अब नई थेरेपी आ गई है पंजी का खर्चा नहीं और चेहरा ऐसा हसीन हो जाएगा की लोग देखते ही रह जाएंगे और वो थेरेपी है ÷स्लेप थेरेपी÷ यानि गालों पर चांटे पर चांटे खाओ और हसीन बन जाओ द्य दक्षिण कोरिया में ये थेरेपी बेहद लोकप्रिय है उसके चलते वहां के ब्यूटी पार्लर वाले भूखे मरने की कगार पर आ गये हैं बस करना इतना सा है कि जो महिला या पुरुष अपने आप को हसीन दिखाना चाहते हैं वो थप्पड़ खाने के लिए तैयार हो जाएद्य उनके दोनों गालों पर लपोड़े और लपोड़े मारे जाते हैं और उनका चेहरा चाँद सा खूबसूरत हो जाता है , बताया जाता है कि लगातार पचास चांटे खाने के बाद चेहरे पर निखार आ जाता हैं द्य दक्षिण कोरिया की महिलाएं ये प्रयोग कई बरसो से कर रही है और फ्री फोकट में अपनी चेहरे की खूबसूरती बढ़ा रही है ये खबर जब अपन ने पढ़ी तब अपने को समझ में आया कि



प्रायमरी स्कूल में मासाब लोग गालों पर चांटे क्यों मारा करते थे वे अपने तमाम विद्यार्थियों को असल में खूबसूरत बनाना चाहते थे , घर में बाप भी गालों पर चांटे इसलिए मारते थे ताकि उनका बच्चा खूबसरत हो जाए, उन दिनों अपन मासाब लोगो को जी भर भर कर गाली देते थे कि बहुत जम कर चांटा मारते थे लेकिन अब पश्चाताप होता है, लगता है उनके चरणों में जाकर लोट जाएँ कि मासाब माफ़ कर दो हमें आज जितनी भी रौनक हमारे चेहरे पर दिख रही है वो आपके चांटों की ही देन है, न आप चांटें मारते और न हम इतने हसीन हो पाते द्य पता चला है कि जब से ये खबर सामने आई है ब्यूटी पार्लर वालों को अपना धंधा संकट में दिखाए पड़ने लगा है कुछ ब्यूटी पार्लर वाले तो अब चांटा मारने की ट्रेनिंग लेने दक्षिण कोरिया निकल गए हैं वैसे जब से ये राज जाहिर हुआ हैं वे पति बेहद खुश हैं जिनकी बीबियाँ आये दिन ब्यूटी पार्लर जाकर हजारों रूपये का चूना उन्हें लगाती थीं द्य अपने को लगता है की अब हर पति अपनी पत्नी पर यही थेरेपी आजमाने के लिए जी तोड़ कोशिश करेगा पैसे भी बचेंगे और बीबी सुन्दर भी दिखाई देने लगेगी , सुबह आफिस जाने के पहले और शाम को आफिस से आने के बाद करना क्या है, बीबी के गालों पर चांटे ही तो मारना है और ये काम तो हर पति बड़ी राजी खुशी से करने तैयार हो जाएगा है कोई शक ।

### अब उमर मिली है तो वे क्या करें

कहते हैं जीना मरना ऊपर वाले के हाथ में होता है, जिसको जाना है वो भरी जवानी में ऊपर वाले के दरबार में अपनी हाजरी दे देता है और जिसको ऊपर वाला अपने पास नहीं बुलाना नहीं चाहता वो यंही धरती पर घिसटता रहता है देश में इस बात की बड़ी चिंता है कि देश में बुजुर्गों की संख्या लगातार बढती जा रही है अभी तक तो भारत को युवाओ का देश माना जाता था लेकिन जिस गति से डुकरा डुकरिया अपनी संख्या बढ़ा रहे है उसके हिसाब से पूरे देश में तेरह करोड़ बुढ्ढे बुढ़िया हो गए है जिनकी उम्र साठ बरस से ऊपर है।

# विनोद दुआः पत्रकारिता के एक युग का अंत

### सूडोकु नवताल- 5914

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5913 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

एनडीटीवी पर ख़बरदार इंडिया विनोद दुआ लाइव ज़ायका इंडिया का जैसे चर्चित कार्यक्रमो के प्रस्तोता विनोद दुआ ने दूरदर्शन पर जनवाणी से भी पहचान बनाई थी। दूरदर्शन पर चुनाव विश्लेषण के लिए उन्हें खास प्रसिद्धि मिली। कुछ समय पहले उन्हें कोरोना संक्रमण हुआ था।उनकी बेटी मल्लिका दुआ ने पिता के निधन की जानकारी दी,तो पूरा देश स्तब्ध रह गया। विनोद दुआ को डॉक्टरों की सलाह पर पिछले दिनों दिल्ली के एक हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।मल्लिका ने कहा, हमारे निर्भय और असाधारण पिता हमारे बीच नहीं रहे।कोरोना वायरस से संक्रमित होने के चलते ही इसी साल जून माह में उन्होंने अपनी पत्नी रेडियोलॉजिस्ट पद्मावती दुआ को खो दिया था। उन्होंने एक अद्वितीय जीवन जिया, दिल्ली की शरणार्थी कॉलोनी से अपने कैरियर की शुरुआत कर वे 42 सालों तक श्रेष्ठ पत्रकारिता के शिखर तक पहुंचे और हमेशा सच के साथ खड़े रहे। देश में कोरोना की दूसरी लहर के चरम पर रहने के दौरान विनोद दुआ और उनकी पत्नी गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। उनकी सेहत तब से खराब थी और उन्हें बार-बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता था और अंततः वे जीवन की जंग हार गए।उस समय जब टेलीविजन की दुनिया दूरदर्शन तक सिमटी हुई थी और टेलीविजन पत्रकारिता का कही नाम तक नही था उस समय विनोद दुआ एक नक्षत्र की तरह उभरे थे। वे साढ़े तीन दशकों तक किसी मीडिया



जगत के बीच जगमगाते रहे।दूरदर्शन पर उनकी शुरुआत ग़ैर समाचार कार्यक्रमों की ऐंकरिंग से हुई थी, मगर बाद में वे समाचार आधारित कार्यक्रमों की दुनिया में दाखिल हुए और छा गए। चुनाव परिणामों के जीवंत विश्लेषण ने उनकी शोहरत को आसमान तक पहुँचा दिया था। प्रणय रॉय के साथ उनकी जोड़ी ने पूरे भारत को सम्मोहित कर लिया था। विनोद दुआ का अपना विशिष्ट अंदाज़ था। इसमें उनका बेलागपन शामिल था।जनवाणी कार्यक्रम में वे मंत्रियों से जिस तरह से सवाल पूछते या टिप्पणियाँ करते थे, उसकी कल्पना करना उस ज़माने में एक असंभव सी बात हुआ करती थी।

दूरदर्शन में कोई ऐंकर किसी मंत्री को यह कहे कि उनके कामकाज के आधार पर वे दस में से केवल तीन अंक देते हैं तो ये मंत्री के लिए बहुत ही शर्मनाक बात थी। लेकिन विनोद दुआ में ऐसा कहने का साहस था। इसीलिए मंत्रियों ने प्रधानमंत्री से इसकी शिकायत करके उनके कार्यक्रम को बंद करने के लिए दबाव भी बनाया था, मगर मन्त्रीगण कामयाब नहीं हुए थे,जो विनोद दुआ के बड़े प्रभाव का प्रमाण था।विनोद दुआ ने अपना यह अंदाज़ जीवनपर्यंत नहीं छोड़ा। आज के दौर में जब अधिकांश पत्रकार और ऐंकर सत्ता की चापलूसी करते हैं, विनोद दुआ नाम का यह व्यक्ति सत्ता से टकराने में भी कभी नहीं घबराया।उन्होंने कभी इस बात की परवाह नहीं की कि सत्ता उनके साथ क्या करेगी। सत्तारूढ़ दल ने उनको राजद्रोह के मामले में फँसाने की कोशिश की गई, मगर उन्होंने ल़ड़ाई लड़ी और सुप्रीम कोर्ट से जीत भी हासिल की।उनका मुकदमा मीडिया के लिए भी एक राहत साबित हुआ। हिंदी और अँग्रेज़ी दोनों भाषाओं पर दुआ साहब की अच्छीपकड़ थी।प्रणय रॉय के साथ चुनाव कार्यक्रमों में उनकी प्रतिभा पूरे देश ने देखी और उसे सराहा भी गया। त्वरित अनुवाद की क्षमता ने उनकी ऐंकरिंग को ऊंचाई तक पहुँचा दिया था। देश की पहली हिंदी साप्ताहिक वीडियो पत्रिका परख की उनकी लोकप्रियता का प्रमाण थी। इस पत्रिका के वे न केवल ऐंकर थे बल्कि निर्माता-निर्देशक भी थे। इसके लिए उन्होंने देश भर में संवाददाताओं का जाल बिछाया और विविध सामग्री का संयोजन करके पूरे देश को मुरीद बना लिया। वे अपने सहयोगियों को भरपूर आज़ादी देते थे। वे ज़ी टीवी के लिए एक कार्यक्रम चक्रव्यूह करते थे।ये एक स्टूडियो आधारित टॉक शो था, जिसमें ऑडिएंस के साथ किसी मौजू सामाजिक मसले पर चर्चा की जाती थी।

## भारत में न्याय व्यवस्था ताकतवरों के हाथ

**सनत कुमार जैन**

भारत में न्यायिक व्यवस्था चरमरा गई है । वर्तमान न्याय-व्यवस्था का लाभ अमीरों को मिल रहा है। गरीबों एवं मध्यवर्गीयों के लिए न्याय व्यवस्था जीते जी सजा के समान है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि 50 फीसदी से अधिक मामलों में सरकार भी पार्टी है । देश के विभिन्न न्यायालयों जिसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, जिला न्यायालयों में लगभग 4 करोड़ 60 लाख मामले सुनवाई के लिए लंबित हैं। लाखों ऐसे मामले लंबित हैं, जिनमें तीसरी पीढ़ी का मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न न्यायालयों में 5191 न्यायाधीशों के पद खाली पड़े है। सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट में 403 न्यायाधीशों के पद वर्षो से रिक्त् पड़े है। न्याय व्यवस्था की बदहाली और कमजोरी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सप्रीम कोर्ट् का काले जियम सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति भी नहीं करा पा रहा है।

पिछले 3 दशकों में सरकारों द्वारा जिस तरह के नियम एवं कानून बनाने जा रहे है, उससे मुकदमों की संख्या लगातार बढ़ रही है। न्यायपालिका में मध्यम एवं गरीब वर्गो को न्याय नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण वह गुंडागर्दी के शिकार हो रहे हैं । न्याय पाने के लिए वह गुंडों एवं राजनेताओं के चक्कर लगाते हैं। भारतीय कानून को निर्बलों के लिए न्याय नहीं अन्याय के रुप में आम जनता भोगने विवश है। वहीं बड़े-बड़े उद्योगपितयों एवं राजनेताओं द्वारा दायर प्रकरणों में त्वरित सुनवाई होती है। उन्हें सुविधानुसार न्याय मिल जाता है। बड़े-बड़े वकील सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट में सक्षम वर्ग को लाभ दिलाने के लिए पूरी ताकत लगा देते है । समरथ को नहीं दोष गुसाई की तर्ज पर भारतीय न्याय व्यवस्था आर्थिक एवं राजनैतिक आय से समृद्ध लोगों के लिये है। आर्थिक एवं राजनैतिक आय से शक्तिशाली वर्ग अपने फायदे के लिए गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों को झूठे मुकदमों एवं कानून की आड़ में उनकी सम्पतियों को छीनने का काम कर रहे है। भारतीय न्याय व्यवस्था को लेकर आम आदमी का विश्वास खत्म होता जा रहा है। वहीं हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट भी यह कहने लगी है कि सरकारें और उनके अधिकारी कोर्ट से आदेशों का कियान्वयन नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति काफी चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वह संविधान प्रदत्त नागरिकों के भूल अधिकारों को बनाए रखने के लिए अधिकारों का प्रयोग करें।

# पंचायत चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण संपन्न कराना हम सबकी जबावदेही: जिला निर्वाचन अधिकारी

### त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु जारी आदर्श आचरण संहिता का हो पूरी तरह से पालन

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। घोषणा के साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। सभी अधिकारी, कर्मचारी इस आदर्श आचरण संहिता का पूरी तरह से पालन करेंगे, जिससे जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को विधि सम्मत तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। इसके लिये विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। निर्धारित प्रक्रिया एवं समय सीमा में यह कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे किसी पर कठौर कार्यवाही करने की आवश्यकता न रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान उक्त निर्देश समस्त जिला अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी खण्ड स्तरीय अधिकारियों को बताया कि निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं अन्य लोगो की भी ड्यूटी लगाई जा रही है। अतः निर्वाचन के मददेनजर नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी सर्वोच्च प्राथमिकता से निर्वाचन ड्यूटी का निर्वहन करें।



### जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की सामान्य जानकारी

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान 20 जिला पंचायत सदस्य, 172 जनपद पंचायत सदस्य, 478 सरपंच एवं 8407 पंचों का निर्वाचन होना है। यह निर्वाचन 3 चरणों में होना है। प्रथम चरण में विकासखण्ड अम्बाह एवं पोरसा में, द्वितीय चरण में विकासखण्ड मुरैना, जौरा में, तृतीय चरण में विकासखण्ड कैलारस, पहाडगढ एवं सबलगढ में निर्वाचन होना है। इसके लिये कुल 1967 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इसमें से 825 मतदान केन्द्र संवेदनशील एवं 466 मतदान केन्द्र अतिसंवेदनशील है। इस निर्वाचन में कुल 11 लाख 7 हजार 889 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसमें 6 लाख 918 पुरूष मतदाता, 5 लाख 6 हजार 941 महिला मतदाता एवं 30 अन्य मतदाता है। इस प्रकार पंचायत निर्वाचन में पुरूषो की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या 93977 अधिक है।

### मतदान के लिये रहेगी इस प्रकार व्यवस्था

पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन मतपत्र से एवं जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन ईव्हीएम के माध्यम से होगा। जिला पंचायत सदस्य के मतपत्र का रंग गुलाबी, जनपद पंचायत सदस्य के मतपत्र का रंग पीला, सरपंच के मतपत्र का रंग नीला एवं पंच के मतपत्र का रंग सफेद होगा। मतदान का समय प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। मतदाता की पहचान के लिये आयोग ने 23 पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया है।

### नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की व्यवस्था

त्रि-स्तरीय पंचायत के विभिन्न पदों यथा पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य हेतु एकीकृत नाम निर्देशन पत्र (प्रारूप 4 ) में की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य हेतु नाम निर्देशन पत्र जिला मुख्यालय पर, जनपद पंचायत सदस्य हेतु विकासखण्ड मुख्यालय पर तथा पंच एवं सरपंच पद हेतु विकासखण्ड मुख्यालय एवं क्लस्टर मुख्यालय पर लिये जायेंगे । इन क्लस्टर का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

### कोविड से बचाव के रहेंगे प्रबंध

कोविड संक्रमण से बचाव के लिये मतदान दल के सदस्यों को मास्क फेसशील्ड, ग्लब्स सैनेटाइजर दिये जायेंगे। वहीं मतदान केन्द्र पर प्रवेश करने के पूर्व मतदाताओं को हाथ साफ करने के लिये सैनेटाइजर, साबुन, पानी की व्यवस्था रहेगी।

## भाजपा दक्षिण मंडल ने अंबेडकर को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**मुरैना।** दक्षिण नगर मंडल भाजपा द्वारा सोमवार को वार्ड क्रमांक 40 में मतदान क्रमांक 29 पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीर सिंह पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीवल्लभ दंडोतिया, रामनरेश शर्मा, प्रेमकांत शर्मा, अरविंद भदौरिया, मानवेंद्र, दिवाकर पाठक, श्रीमती भावना जालौन, सोनू शर्मा, मुकेश जाटव, राकेश खटीक, संजय शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गोविंद यादव, दिलीप राठौर, दीवान गोड, लोकेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सहकार भारती के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अरविंद भदौरिया एवं नवनियुक्त महामंत्री दिवाकर पाठक का भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीर पटेल द्वारा साफा पहनाकर पुष्प हार से स्वागत किया गया।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं का मुख्यालय पर धरना, कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** नोटिस जारी होने के बाद भी मनरेगा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं उपयंत्री लगातार नौकरी कर रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पहले सबलगढ़ में धरना दिया गया और अब सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित पंचायत कार्यालय पर धरना दिया। विदित हो कि सहायक लेखा अधिकारी व वाटर सेट के परियोजना अधिकारी सत्येंद्र यादव को दोनों पदों से हटाने के लिए यह धरना दिया जा रहा है।



कलेक्टर को पंचायत मंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में धर्मेंद्र चतुर्वेदी, जितेंद्र जाटव ने बताया कि रोजगार सहायकों द्वारा मध्य प्रदेश रोजगार गारंटी परिषद के संयुक्त आयुक्त प्रभात ने कलेक्टर मुरैना को पत्र भेजकर सबलगढ़ जनपद में अवैध रूप से पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी व वाटर शेड के परियोजना अधिकारी सत्येंद्र यादव से दोनों पदों का प्रभार वापस लेकर किसी अन्य कर्मचारी को दिए जाने के आदेश दिए थे। इसके अलावा कलेक्टर के पास समय सीमा में बैठक में उक्त दोनों कर्मचारियों के खिलाफ एक शिकायत लंबित है, जिस पर सीईओ जिला पंचायत मैं पदस्थ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र यादव व सबलगढ़ के उपयंत्री गौरव जैन की संविदा सेवाओं को समाप्त करने के नोटिस जारी किए हैं। उक्त आदेश का पालन नहीं किया गया है और इन लोगों के द्वारा खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है, इससे आक्रोशित सामाजिक कार्यकर्ता 30 नवंबर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सबलगढ़ पर धरना देने के पश्चात अब मुरैना जिला पंचायत कार्यालय के सम्मुख बैठकर सत्याग्रह कर रहे हैं। पंचायत मंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त दोनों अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूर होकर उन्हें उग्र सत्याग्रह करना पड़ेगा।

## अंबेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेस ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस



**मुरैना।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सिंगल बस्ती मैं स्थित अंबेडकर पार्क पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कांग्रेस के विधायक एवं पदाधिकारीगणों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर, मुरैना विधायक के भाई रविंद्र मावई, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार बंसल आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर नेताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भारत की जनता के उत्थान के लिए संविधान रक्षा और जनता को अधिकार दिलाए। इस अवसर पर रामदास राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी दिनकर, शशि सक्सेना, राजवीर, सोनू बंसल, रामस्वरूप माहोर, नरोत्तम माहौर, हेमंत सागर, गिर्राज, नरेंद्र, बैजनाथ, रिंकू सोनी, दीवान सिंह, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### नए वैरिएंट से बचाव के लिए अनुकूल उपाय

**मुरैना।** कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट से बचाव के लिए लोगों को आम जीवन में अनुकूल व्यवहारों को अपनाना जरूरी है। कोरोना से बचाव के लिए विशेषज्ञों ने अनुकूल व्यवहार का पालन करने की आम लोगों को सलाह दी है। इन व्यवहारों को अपनाने की सलाह देते हुए लोगों से कहा है कि अभिवादन के लिए आपस में उचित दूरी रखते हुए एक दूसरे का अभिवादन करें, एक दूसरे से उचित दूरी बनाकर रखें, घर पर बना पुनः उपयोग होने वाला फेस कवर-मास्क हर समय पहनें, अपनी आँख, नाक या मुँह को छूने से बचें, अपनी श्वास स्वच्छता बनाएं रखें, अपने हाथों को नियमित रूप से और अच्छे से धोएं, अक्सर छुए जाने वाली सतहों को नियमित रूप से साफ और कीटाणुरहित करें। इसके अतिरिक्त तंबाकू उत्पादों का न सेवन करें, न सार्वजनिक स्थानों पर थूकें, अनावश्यक यात्रा न करें, किसी के साथ भेदभाव न करें, भीड-भाड से बचें, सुरक्षित रहें।

## अग्रवाल महासभा कैलारस के पदाधिकारियों के चुनाव परिणाम घोषित

### शंकरलाल अध्यक्ष, संतोषी उपाध्यक्ष व राधेश्याम महासचिव घोषित, अनिल गोयनर निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए

**कैलारस।** अग्रवाल महासभा कैलारस के पदाधिकारियों अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव के पदों के लिए चुनाव रविबार को सुबह 8 बजे से 4 बजे तक अग्रवाल सेवा सदन चौडा खरंजा पर निर्वाचन कमेटी की देख-रेख व पुलिस प्रशासन की कडी चौकसी में शांति पूर्ण सम्पन्न हुए। इस चुनाव में 878 मतदाताओं में से 822 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के उपरांत निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मानंद गुप्ता व समिति सदस्यों ने मतगणना की जिसमें मतगणना के उपरांत परिणाम घोषित किए गए। घोषित परिणाम में अध्यक्ष पद के लिए कैलाश चंद्र अग्रवाल को 148, ब्रजभूषण बंसल 135 शंकरलाल सिंघल 377, हरीश बंसल 159, को मत मिले, जिसमें अध्यक्ष पद पर शंकरलाल सिंघल निर्वाचित घोषित किये गए। उन्होंने अपने निकटम प्रतिद्वंदी हरीश बंसल को 218 मतो से हराया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मोहनलाल गोयनर मोदी 91, सेवाराम गुप्ता 334, संतोषी लाल मंगल 391, को मत मिले, जिसमें उपाध्यक्ष पद सन्तोषीलाल मंगल पर निर्वाचित घोषित किये गए। उनके निकटम प्रतिद्वंदी सेवाराम गुप्ता को 57 मत से हराया। इसके अलावा महासचिव पद के लिए अजय गोयनर 333, जगदीश प्रसाद गोयल नत्था 149, राधेश्याम बंसल 336 को मत मिले, जिसमें महासचिव पद पर राधेश्याम बंसल निर्वाचित घोषित किए। उनके निकटम प्रतिद्वंदी अजय गोयनर को 3 मत से हराया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर एक मात्र फॉर्म रहने से अनिल गोयनर का निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए। परिणाम की घोषणा उपरांत निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मानंद गुप्ता ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिए। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल महासभा कैलारस के पदाधिकारियों का पहली बार मतदान के जरिये चुनाव होने से सुबह से ही समाज के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों का पुष्पहार पहनाकर समाज बंधुओं ने स्वागत किया। निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मानंद गुप्ता, सहा निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र गुप्ता, संतोष बंसल, केदार नाथ गुप्ता, राधेश्याम बंसल एवं मतदान में पीठासीन अधिकारी दिनेश गोयल बनवारीलाल गुप्ता व विनोद गोयल, पवन गुप्ता, विजय सिंघल, मातादीन बंसल, विशम्भर गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, नरेंद्र कुमार बंसल, कैलाश चंद्र गर्ग, पंकज गुप्ता, सोनू सिंघल आदि का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं कैलारस के नगर निरीक्षक वेदेन्द्र कुशवाह पूरे समय पुलिस बल के साथ मतदान स्थल पर मौजूद रहे और शांति पूर्ण मतदान कराने में सराहनीय सहयोग किया।



## नगरीय क्षेत्रों में ''आपकी सरकार आपके साथ'' कार्यक्रम 10 दिसम्बर से प्रारंभ करें: कलेक्टर

**मुरैना।** सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं में समस्त पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने और यह सुनिश्चित करने के लिये कि एक भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाये। इस लक्ष्य को लेकर प्रदेश व्यापी अभियान ''आपकी सरकार आपके साथ'' अभियान नगरीय निकायों में 10 दिसम्बर से प्रारंभ किया जाये। यह निर्देश कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने समय-सीमा की बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण और स्वराज के लिये प्रतिबद्ध है। भारत सरकार एवं शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचे। यही सुशासन का मूलधेय है। नागरिकों की शिकायतों का यथा संभव निराकरण करना, प्रशासन के अधिकारी की बीच संपर्क की दूरी समाप्त करना, इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नगरीय निकायों के वार्डो में संबंधित विभागों की टीम बनाकर प्रत्येक वार्ड में कैम्प लगाया जाये। कैम्पों में आवेदन प्राप्त किये जायें। प्राप्त आवेदन मौके पर ही निराकरण किये जायें। जिसकी रिर्पोटिंग जिला एवं शासन को की जाये। उन्होंने कहा कि विशेषकर पेंशनधारी, दिव्यांग, स्वनिधि योजना, छात्रवृत्ति, कर्मकार मण्डल, लाडली लक्ष्मी, प्रसूति, विद्युत कनेक्शन, बीपीएल पात्रता पर्ची जैसे आवेदन प्राप्त हों। उनका शेड्यूल बनाकर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।



## बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करने की मांग को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

**मुरैना।** खरीफ फसल में 2021 के लिए बाजरा का समर्थन मूल्य 2250 रूपए की घोषणा की गई तथा 15 नवम्बर से केन्द्रों पर खरीद करने की घोषणा के बाद भी पहाडगढ, कैलारस जौरा में कहीं भी किसानों का बाजरा नहीं खरीदा जा रहा है। जबकि किसानों पर मैसेज आये हैं, किसान जब केन्द्र पर जाता है तब केन्द्र से शासन के निर्देश का बहाना लेकर लौटा रहे हैं। किसान को अपनी रवी फसल के लिए खाद, बीज, दवाई, जुताई एवं सिंचाई के लिए पैसे की सख्त ज़रूरत हैं, ऐसे में किसान को अपना बाजरा 1500-1600 रुपए पर बेचना पड़ रहा है। सरकार की नवउदारवादी नीतियों के चलते भाजपा सरकार अडानी व अम्बानी के फायदा पहुचान की नियत से शिवराज सरकार समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं कर रही है। वर्तमान में किसानों में बाजरा की खरीद को लेकर भारी गुस्सा है। सोमवार को किसानों ने जिलाधीश के नाम ज्ञापन दिया और तीन दिन में खरीद शुरू नहीं करने पर किसान इसे लेकर शान्तिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन शुरू करने को वाध्य होगे। आन्दोलन से होने वाली अव्यवस्था के लिए शासन जिम्मेदार होगा तथा यह आन्दोलन संयुक्त किसान मोर्चा का हिस्सा होगा। ज्ञापन देने वालों में मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष गयाराम सिह धाकड, कांग्रेस के भानू प्रताप सिंह उर्फ चिन्टू, रामलखन धाकड, लक्ष्मी नारायण दुवे, सोनेराम धाकड, महेश धाकड अन्य आधा सैकडा किसान ने जिलाधीश के नाम हीतालाल शर्मा लिपिक को दिया।



फोटो फाइल- 06 मुरैना 06

# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 65 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर विचार संगोष्ठी

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी**-प्रेस नोट प्रेस विज्ञप्ति धनीराम चौधरी जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जिला शिवपुरी ने बताया कि आज दिनांक 6 दिसंबर को भारत रत्न संविधान निर्माता बोधिसत्व परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 65 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विचार संगोष्ठी श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम पुण्यतिथि के रूप में आयोजन उत्सव वाटिका ए बी रोड कोलारस में किया गया जिस के मुख्य अतिथि परम आदरणीय बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश के अध्यक्ष माननीय इंजीनियर रमाकांत पिप्पल जी के के द्वारा पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें विशेष अतिथि माननीय सुआलाल जाटव जॉन प्रभारी बसपा विशेष अतिथि कैलाश कुशवाह पूर्व प्रत्याशी पोहरी रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी के द्वारा की गई जिसमें जिसमें पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी सेक्टर पोलिंग से आए हुए कार्यकर्ता एवं महिलाओं के द्वारा बाबा साहब की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए मुख्य अतिथि माननीय इंजीनियर रमाकांत पिप्पल जी ने बाबा साहब के 65 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब की छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला और उनके संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए उनके साथ जो भी घटना घटी उनको बताया गया और ऐसे महापुरुष के चार चार बच्चों की कुर्बानी लगी इलाज के अभाव में चार चार बच्चों की करोड़ों दलितों के भाग लिखने हेतु उस समय बाबा साहब के छोटे बच्चे राज रतन की मृत्यु के दौरान बाबा साहब को उस समय गोलमेज सम्मेलन में वोट का अधिकार मांगने के लिए लंदन जाना पड़ा ऐसे महापुरुष को धन्य हो कि उनके छोटे बच्चे राज रतन की माता रमाबाई अंबेडकर की गोद में मृतक बालक रखा था आज बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश के मुखिया के द्वारा बाबा साहब के छाया चित्र पर समस्त कार्यकर्ताओं के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही साथ कार्यकर्ता को आदेश देते हुए कहा गया कि पंचायती चुनाव की घोषणा हो चुकी है प्रदेश में 3 चरणों में चुनाव होगा आप लोग अपने अपने विधानसभा में अधिक से अधिक




संख्या में पंच सरपंच जनपद जिला पंचायत सदस्य जिताने का काम करें जहां वह भी सी ओबीसी सीट रिजर्व है हमारे कार्यकर्ता ओबीसी के कार्यकर्ताओं को अपना अमूल्य वोट देकर उनको जिताएं जिससे हमारे पार्टी के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में जीत करके आएंगे जिससे विधानसभा के होने वाले 2023 में विधानसभा के चुनाव में पार्टी मजबूत होगी परम आदरणीय माननीय बहन कुमारी मायावती जी के हाथों को मजबूत करने का काम करें इसी क्रम में विशेष अतिथि सुआलाल जाटव जॉन प्रभारी एवं कैलाश कुशवाह पूर्व प्रत्याशी पोहरी के द्वारा बताया गया कि हमारे पार्टी जमीनी स्तर पर कार्य करती है व्हाट्सएप फेसबुक ना चलाते हुए पूरी ईमानदारी के साथ पिछड़ा वर्ग एवं सर्व समाज के भाइयों में भाईचारा बनाने का कार्य करती है आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धनीराम चौधरी जिला अध्यक्ष बसपा के द्वारा बताया गया कि शिवपुरी जिले में किसानों की खाद की समस्या को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है किसानों की फसल की बोनी हेतु डीएपी खाद का कट्टा एवं यूरिया खाद का कट्टा बड़ी किल्लत के साथ मिल पा रहा है सरकारी गोदामों पर खाद वितरण की पर्चियां बनाने में धड़ल्ले से जालसाजी कर पर्चीयां बनाई जाती है और किसान लोगों को शासकीय वेयरहाउसों के सामने रात्रि विश्राम करना पड़ रहा है जिला प्रशासन किसानों की खाद समस्या को संज्ञान में लेकर तत्काल यूरिया खाद की व्यवस्था कराएं अगर जिला प्रशासन इस खाद दिलवाने में नाकाम रहता है तो बहुजन समाज पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी साथ ही साथ कार्यकर्ताओं को आदेश देते हुए कहा गया कि आज से आप लोग संकल्प लें और अपने पंचायती चुनाव में अधिक से अधिक पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत के वार्डों में मीटिंग कर तैयारी में जुट जाएं यह कार्यक्रम उत्सव वाटिका एबी रोड कोलारस में ओपन कार्यक्रम ना करते हुए आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए उत्सव वाटिका के अंदर कार्यक्रम किया गया जिससे किसी प्रकार की कोई शांति भंग नहीं हुई कार्यकर्ताओं ने अनुशासन का पालन करते हुए जिम्मेदारी निभाई है क्योंकि हमारी अनुशासित पार्टी है जिस कार्यकर्ता को आदेश दिया है अनुशासन के तहत कार्य करता है विचार संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान जिले के जिम्मेदार विधानसभा के वरिष्ठ नेता गणों सेक्टर व पोलिंग बूथ के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि पंचायत चुनाव को मध्य नजर रखते हुए अपने अपने क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चुनाव की तैयारी हेतु जुट जाएं जिससे जिले में हमारे सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य अधिक से अधिक ऐतिहासिक जीत करके आएं बसपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय इंजीनियर रमाकांत पिप्पल जी के आदेश अनुसार शिवपुरी जिले में एक ऐतिहासिक पंचायती चुनाव में जीत हासिल करना है सभी कार्यकर्ता जिले में पोलिंग व सेक्टर पर एड़ी से चोटी की ताकत लगायें साथ ही साथ जॉन प्रभारी सुआलाल जाटव जी के द्वारा अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा गया कि इस बार जिले में सभी सीटों पर बहुजन समाज पार्टी सर्वसमाज के कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाएगी इसी क्रम में बसपा जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी के द्वारा अभी से संपूर्ण जिले में कार्यकर्ताओं को आदेश देते हुए कहा गया कि बी एल ए की सूची समस्त मतदान केंद्रों की विधानसभा वार तैयार कर उपलब्ध कराएं।

## वन-टू-वन

### घाटीगांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाई गई।



**ग्वालियर**- आज भितरवार विधानसभा क्षेत्र 18 के स्थान घाटीगांव मैं संविधान गौरव अभियान के तहत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामगोपाल मिलन जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा ग्वालियर ग्रामीण उपस्थित हुए तथा मंडल अध्यक्ष उत्तम बंजारा जी मंडल उपाध्यक्ष राजन लाल मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन गुर्जर जी मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह रावत जी कार्यक्रम के संचालक और मंडल महामंत्री चंद्रभान राठौर जी सुभाष गोयल जी पूर्व महामंत्री मंडल मंत्री साहब सिंह गुर्जर जी आनंद शर्मा जी सरपंच धुआं ओमी शर्मा जी गजेंद्र बंजारा जी रमेश चंद्र जी अभय सिंह सीताराम जनपद सदस्य जी आदि नागरिक उपस्थित हुए।

### भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली**

**पाली** ।रानी में भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 6 दिसम्बर महा परिनिर्वाण दिवस पर आज अम्बेडकर भवन मे उनकी तस्वीर पर फूल माला एवं पुष्प अर्पित कर उनको एव उनके द्वारा किए गए राष्ट्र के प्रति योगदान एवं देश का संविधान एवं देश को आजादी दिलाने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं जिवनी पर प्रकाश डाला। *इस अवसर पर* -अम्बेडकर संस्था के सरक्षक चुन्नीलाल आगरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव, नगरपालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान, एसी मोर्चा अध्यक्ष सवाराम, मंडल महामंत्री भरत जीनगर, सुरेश मेघवाल, मुकेश कुमार, सोहनलाल, लालाराम, अन्नाराम, ललित, नरेश, मगाराम आदि मौजूद थे।

### पिछड़ा वर्ग संघ द्वारा मनाया गई बाबा साहेब की पुण्यतिथि

**शिवपुरी**--- पिछड़ा वर्ग संघ शिवपुरी द्वारा आज नवाब साहब रोड पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई सर्वप्रथम बाबा



साहेब को पुष्प अर्पित किए गए एवं उनके द्वारा पिछड़ों, दलितों के संपूर्ण विकास के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया हेमंत यादव बड़ौदी द्वारा बताया गया कि बाबासाहेब ने जीवन पर्यंत दलित पिछड़ों के हितों के लिए काम किया और इन वर्गों के लिए शिक्षा के रास्तों को सुगम बनाया बार-बार दलित,पिछडो से कहा शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो हर ताले की चाबी है आप शिक्षित बनकर ही अपने हक और अधिकार ले सकते हो आज हमें बाबा साहेब के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए अनिल कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पिछड़ों दलितों के मसीहा को याद किया।

# सदर विधायक ने प्रचार-प्रसार वाहन एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत यातायात नियमों के प्रति जन-मानस को जागरूक करने के उद्देश्य से पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक विपिन वर्मा %डेविड% ने संबोधित करते कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, जिससे सड़क दुर्घटना से होने वाली जनहानि से बचा जा सके। साथ ही विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) हेमचंद्र गौतम ने शासन द्वारा उठाए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है, जिसका असर भी हो रहा और सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली जनहानि में कमी आ रही है, साथ ही उपस्थित लोगों से



कड़ईयातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इसके पश्चात सदर विधायक, अपर जिलाधिकारी एवं एआरटीओ ने प्रचार-प्रसार वाहन एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संयोजन विजय प्रताप सिंह वरिष्ठ सहायक व राहुल मिश्रा एवं संचालन दयानंद श्रीवास्तव स्काउट मास्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सक्सैना, राजेश यादव एआरएम, अभिनव चौधरी यात्री/मालकर अधिकारी अभिनव चौधरी, अजय कुमार गुप्ता संभागीय निरीक्षक प्राविधिक, यातायात उपनिरीक्षक बचान सिंह शाक्य, शिवशंकर वार्ष्णेय एडवोकेट, भूपेंद्र सोलंकी एडवोकेट, हिमांशु, अरविंद कुमार, हेमेंद्र बघेल, हरीशंकर, ध्यान पाल सिंह, राजेश, अनिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वडेरावास में स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। पाली**

**पाली।** निकटवर्ती वडेर वास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ओडीएफ प्लस पर तीन दिवसीय कलस्टर प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में दश प्रशिक्षक व राज्य संदर्भ व्यक्ति पारसमल जीनगर वह जिला संदर्भ व्यक्ति दुर्गाराम देवासी ने प्रशिक्षण शिविर में स्थानीय सरपंच ग्राम विकास अधिकारी पंचायत कार्मिक आंगनवाड़ी कार्मिक एवं गणमान्य ग्रामीणों को स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शिविर के दौरान विस्तार से जानकारी दी गई। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता चौहान के आदेश के अनुसार 6 दिसंबर 2021 से पाली ब्लाक के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ठोस एवं कचरा प्रबंधन हेतु सोख्ता गड्ढा मैजिक पीठलिचएवं वर्मी कंपोस्ट ढांचे के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में यह रहे मौजूद। सरपंच लीला देवी सिरवी उप सरपंच गणेश राम सिरवी ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सारण कनिष्ठ सहायक पुखराज सिरवी पंचायत सहायक विक्रम सिंह पंचायत सहायक मिट्ठू सिंह समाजसेवी अमराराम सिरवी पंचायत कार्मिक प्यारी देवी आंगनवाड़ी कार्मिक गणमान्य ग्रामीण सहित आदि उपस्थित रहे।



## आईएफडब्ल्यू जे पत्रकार संघ संगठन के रानी इकाई कार्यकारिणी का किया गठन

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। पाली**

**रानी।** आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह व पाली जिला अध्यक्ष अरूण जोशी के निर्देशानुसार रानी उपखंड अध्यक्ष बाबूलाल घांची ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर चौथा राम मीणा किरवा, अरविंद गोयल खौड महासचिव महिपाल रावल, सचिव ओपाराम खौड़,मगराज चौहान,गोविंद सुथार,कोषाध्यक्ष भीमराज पारंगी,प्रवक्ता नेनाराम चौधरी सलाहकार दलपत सिंह गागुडा,रमेश दायमा, कार्यकारिणी सदस्य विकास शर्मा,मांगीलाल घांची घेनड़ी को बनाया गया है जो पहले से ही आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ रानी में जुड़े हुए हैं वो सदस्य यथावत रहेंगे।

# पुरानी पेंशन बहाली हेतु न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ का विधायक ज्ञापन सप्ताह : रावत

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**
**शिवपुरी**
**मध्यप्रदेश विधानसभा में उठे आवाज**

**शिवपुरी**---न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत, प्रांताध्यक्ष सतेंद्र सिंह तिवारी के आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी जिलों मैं पुरानी पेंशन बहाली हेतु विधानसभा सत्र में ध्यान आकर्षण के लिए एक ज्ञापन प्रदेश के सभी माननीय विधायक महोदयो को 1सप्ताह तक सौपा जा रहा है जिसमें कर्मचारियों की 2005 से बंद पुरानी पेंशन की मांग करते हुए पुरानी पेंशन



व्यवस्था तुरंत बहाल करने विधानसभा मैं कर्मचारियों के हक़,अधिकार जो संविधान द्वारा दिए गए थे केंद्र सरकार द्वारा 2004 मैं पेंशन अधिनियम 1972 में संशोधन करके न्यू पेंशन स्कीम लागू कर दी गई थी जो कर्मचारियों के हित में नहीं है एवं सरकार को भी इससे नुकसान हैं क्योंकि कर्मचारियों का कुल वेतन का 10त्न अंशदान एवं सरकार द्वारा 14त्न अंशदान हर माह प्राइवेट कंपनी के खाते में जा रहा है जो करोड़ो रूपये है अपने हिसाब से शेयर मार्केट में निवेश कर रही है कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर कंपनी ही कर्मचारियों को पेंशन देगी जो न्याय संगत नहीं है संगठन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा सदस्य को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है न्यू पेंशन स्कीम कर्मचारियों के हित में नहीं है माननीय विधायक महोदय विधानसभा में प्रश्न लगाकर सरकार से मांग करें कर्मचारियों को पेंशन क्यों नहीं दी जा रही संगठन सभी जिला अध्यक्षों ब्लॉक अध्यक्षों प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों एवं न्यू पेंशन स्कीम प्राप्त कर्मचारियों से आह्वान करता है अधिक से अधिक संख्या मैं अपने-अपने विधायक महोदय को ज्ञापन देने में सहयोग प्रदान करें अपील करने वालों में जनक सिंह रावत, सत्येंद्र सिंह, तिवारी पूजा श्रीवास्तव,रेणु शर्मा, बसंती शर्मा,नरेंद्र शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला,गिर्राज शर्मा, वीरेंद्र सिंह रावत, राजेश सोनी, बालूराम रावत, समस्त प्रदेश कार्यकारिणी।

# दिग्विजय सिंह के द्वारा केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर दिए बयान को लेकर भाजपा नेता डॉ दुबे ने किया तीखा हमला

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के द्वारा केंद्रीय मंत्री सिंधिया को लेकर दिए गए बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, चम्बल अंचल के भाजपा नेता डॉ रमेश दुबे ने जवाबी हमला किया है। डॉ दुबे ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का जो असली चेहरा है वो जनता के सामने अब स्पष्ट होता जा रहा है, अभी तक उनकी सूरत और सीरत का करिश्माई भृम जनता को भृमित करता रहा है लेकिन अब उनके अंतर्मन के कालेपन से सब साफ साफ नजर आने लगा है।

डॉ रमेश दुबे ने कहा कि श्रीमंत सिंधिया के परिवार पर उंगली उठाने वाले दिग्विजय सिंह की असलियत ये है कि हिंदुत्व और भारत देश का उनसे बड़ा गद्दार कोई नहीं है, उन्होंने जब जब भी मुंह खोला है सिवाय ज़हर के अलावा कुछ नहीं निकाला।

डॉ दुबे ने कहा कि दिग्विजय सिंह के मुंह से गद्दारी शब्द शोभा नहीं देता क्योंकि ये शब्द तो उनके सर पर पहले से ही मढ़ा हुआ है। जो व्यक्ति सनातन धर्म पर हमला करे, देश के



करोड़ों करोड़ जनता की हिंदुत्व की भावनाओं से खिलवाड़ कर उन्हें आहत करे, समय समय पर उनकी पार्टी भगवान राम को ही काल्पनिक कहती रही और साथ मे उनकी पार्टी के ही नेता जो सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर के विरोध में केस लड़ते रहे, असल मायने में तो ये चांडाल चौकड़ी गद्दार है जिनके सरगना दिग्विजय सिंह हैं। डॉ दुबे ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने सदैव देश से गद्दारी की है, आतंकवादी अफ़ज़ल गुरु को अफजल जी कहकर संबोधित करना, मुम्बई हमला करने वाले कसाब की तरफदारी करना, ज़ाकिर नाइक को अपना भाई बताना, धारा 370 हटाये जाने पर कांग्रेस सरकार आने पर पुनः बहाल करवाने का बयान देना उनकी देश के प्रति गद्दारी के वो पुख्ता प्रमाण हैं जिन्हें देश की जनता ने देखा है और समझा भी है।

डॉ दुबे ने कहा कि दिग्विजय सिंह खुद को मंझा हुआ नेता मानकर कांग्रेस का मास्टरमाइंड समझते हैं लेकिन हक़ीक़त ये है कि देश मे नफरत फैलाने वाले देश के गद्दारों के सरगना वही हैं, दिग्विजय सिंह जैसे लोगों की वजह से ही देश की आवोहवा में नफ़रत के बीज पनपते हैं जिन्हें खाद पानी यही दिग्विजय सिंह देते हैं,जनता तो पहले से ही जानती है कि देश और समाज से कौन गद्दारी कर रहा है। डॉ दुबे ने चुटकी लेते हुए कहा कि श्रीमंत महाराज साहब ने दिग्विजय सिंह के घर राघोगढ़ में घुसकर उनकी पूंछ पर पैर क्या रखा उनकी वरिष्ठता पता नहीं कहां भाग गई, उनकी काली असलियत सामने आ गयी, उन्हें अपना अब तक अभेद्य किला ढहता नज़र आने लगा तो भड़ास के रूप में उन्होंने ये बयान दिए जो उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।

## पंचायत चुनाव को लेकर स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण।

**गोहद।** प्रदेश में पंचायत चुनाव की घोषणा के वाद प्रशासन का पूरा अमला तैयारियों व खामियों को दुरुस्त करने में लग गया है। भिंड जिले में पंचायत चुनाव तीसरे चरण चरण में 16 फरवरी को होंगे। गोहद जनपद पंचायत के अंतर्गत 303 मतदान केन्द्रों पर जिला पंचायत के 21 वार्डों में से गोहद जनपद पंचायत के चार जिला पंचायत सदस्य के वार्डों के लिए, 25 जनपद पंचायत सदस्य के वार्डों में



लिए, 86 पंचायतों में सरपंच के लिए तथा सभी पंचायतों में पंच पद के लिए चुनाव कराए जाने हैं। इसी कड़ी में आज महर्षि अरविन्द महाविद्यालय में निर्वाचन स्ट्रोंग रुम का निरीक्षण किया गया। महर्षि अरविंद महाविद्यालय मैं मतगणना स्थल, मतगणना सामग्री वितरण, मतगणना सामग्री वापसी आदि का कार्य किया जाएगा। जिसके लिए स्ट्रांग स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम की डेंटिंग, पेंटिंग, साफ-सफाई, रंगाई पुताई, इलेक्ट्रिक आदि की कमियों को दूर करने के लिए निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारों को साथ लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एसडीएम शुभम शर्मा, एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी, अरविंद्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एआर सगर, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, पीडब्ल्यूडी एसडीओ संतोष कुमार, विधुत विभाग के डीई यशपाल सचदेवा, जेई गौरव शाक्य, पीडब्ल्यूडी विभाग के सब इंजीनियर पीएस तोमर आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रथम चरण में होगा 85 विकासखण्डों में मतदान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भोपाल ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार मतदान तीन चरण में होगा। प्रथम चरण में 85 विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में मतदान होगा।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि प्रथम चरण में भोपाल जिले के विकासखंड फंदा, बैरसिया, राजगढ़ जिले के ब्यावरा, राजगढ़, रायसेन जिले के साँची, सिलवानी, सीहोर जिले के सीहोर, विदिशा जिले के बासोदा, विदिशा, इंदौर जिले के सांवेर, इंदौर, देपालपुर, डॉ. अंबेडकर नगर (महू), खरगोन जिले के बड़वाह, महेश्वर, खंडवा जिले के पुनासा, हरसूद, बलड़ी, धार जिले के नालछा, गंधवानी, मनावर, धरमपुरी, झाबुआ जिले के पेटलावद, बड़वानी जिले के राजपुर, ठीकरी, ग्वालियर जिले के मुरार, भितरवार, घाटीगाँव, डबरा, गुना जिले के गुना, ?शिवपुरी जिले के खनियाधाना, बदरवास, अशोकनगर जिले के अशोकनगर, जबलपुर



जिले के सीहोरा, कुंडम, पनागर, जबलपुर (बरगी), छिंदवाड़ा?जिले के तामिया, हर्रई, अमरवाड़ा, सिवनी जिले के सिवनी, बरघाट, बालाघाट जिले के बेहर, परसवाड़ा, बारासिवनी, खेरलाँजी, मंडला जिले के नारायणगंज, निवास, बीजाडांडी, डिंडौरी जिले के शहपुरा, मेंहदवानी और कटनी जिले के बहोरीबंद एवं रीठी विकासखंड की पंचायतों में मतदान होगा।

इसी प्रकार उज्जैन जिल के खाचरोद, घट्टिया, नीमच जिले के नीमच, रतलाम जिले के आलोट, शाजापुर जिले के शाजापुर, आगर-मालवा जिले के आगर, मंदसौर जिले के मंदसौर, सागर जिले के सागर, रेहली, केसली, छतरपुर जिले के छतरपुर, राजनगर, दमोह जिले के जबेरा, पथरिया, टीकमगढ़ जिले के बलदेवगढ़, रीवा जिले के हनुमना, मऊगंज, नईगढ़ी, सीधी जिले के सीधी, सतना जिले के चित्रकूट (मझगवाँ), सुहावल (सतना), उचेहरा, होशंगाबाद जिले के सोहागपुर, केसला, बैतूल जिले के बैतूल, आमला, शाहपुर, शहडोल जिले के सोहागपुर, भिंड जिले के मिहोना (रोन) लहार और मुरैना जिले के अंबाह एवं पोरसा विकासखंड में प्रथम चरण में मतदान होगा। प्रथम चरण का मतदान 6 जनवरी 2022 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। नाम निर्देशन पत्र 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लिये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने के अंतिम तारीख 23 दिसंबर है। निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी 23 दिसंबर 2021 को होगा।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने डॉ भीमराव अंबेडकर को माल्यापर्ण किया

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***



**भिण्ड।** संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी की 65 वीं परिनिर्वाण दिवस भीम नगर में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सत्यपाल अगरैया के नेतृत्व में भीम नगर वार्ड नंबर 4 में मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डॉ राधेश्याम शर्मा संदीप मिश्रा, चंद्रपाल परिहार साहब, विनोद जाटव संतोष त्रिपाठी, पिंकी जाटव कमलेश जाटव ,मोहर सिंह अगरिया, आनंद शांति स्वरूप ,पिंटू शर्मा सोनू जाटव ,हिम्मत सिंह हरिऔध,आदि

## वन-टू-वन

### मप्र में 94 प्रतिशत लोगों को लगा पहला डोज

**भोपाल।** मप्र में कोरोना संक्रमण की गंभीरता को कम करने के लिए लगातार वैक्सीनेशन अभियान जारी है। अब तक प्रदेश में 94 प्रतिशत लोगों को पहला डोज लग गया है। दूसरा डोज भी 70 प्रतिशत ने लगवा लिया है। अभी भी दिसंबर 2021 तक पात्र आबादी को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए रोज 7.35 लाख डोज लगाने होंगे। प्रदेश में अब 8, 15 और 22 दिसंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान होगा। प्रदेश में अब तक 8.99 करोड़ डोज लग गए हैं। इसमें पहला डोज 5.13 करोड़ और दूसरा डोज 3.85 करोड़ लोगों ने लगवाया है। प्रदेश सरकार ने पात्र आबादी को फुली वैक्सीनेटेड करने के लिए दिसंबर 2021 तक का लक्ष्य तय किया है। अभी भी प्रदेश 1.63 करोड़ लोगों को दूसरा डोज पेंडिंग है। वहीं, पहला डोज लगवाने के बाद 84 दिन पूरे करने वाले करीब 40 लाख के आसपास लोगों को दूसरा डोज पेडिंग है। इसके अलावा, करीब 35 लाख लोगों ने अब तक पहला डोज भी नहीं लगवाया है। यानी अभी 1.98 करोड़ डोज लगना है। ऐसे में लक्ष्य पूरा करने के लिए अगले 27 दिनों तक रोज 7.35 लाख डोज लगाना होंगे।

### पर्यटन मंत्री ऊषा ठाकुर की तबीयत बिगड़ी

**भोपाल।** पर्यटन मंत्री व खंडवा जिले की प्रभारी मंत्री ऊषा ठाकुर की रविवार शाम तबीयत बिगड़ी गई। उन्हें थकान और घुटनों के दर्द की शिकायत है। उन्हें खंडवा सर्किट हाउस ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। सोमवार को खंडवा में उनके सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया।मंत्री ठाकुर को भाजपा के जिला प्रशिक्षण शिविर और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए खंडवा पहुंची थीं। सोमवार को उन्हें कई कार्यक्रमों में शामिल होना था। शाम को वह खंडवा पहुंच भी गई थीं, लेकिन यहां अचानक उन्हें अस्वस्थ महसूस होने लगा। उन्हें थकान और घुटनों के दर्द होने लगा। इस पर उन्हें स्थानीय सर्किट हाउस ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। दवा देकर उन्हें आराम करने की सलाह दी। मंत्री ठाकुर का हाल जानने के लिए कलेक्टर भी सर्किट हाउस पहुंचे।

## ग्वालियर में मिर्ची बाबा के नाम से मशहूर स्वामी वैराग्य नंद पर अज्ञात बदमाशों ने लाठी डंडों से हमला...

**हादसे के बाद बाबा ने पुलिस को घटना की सूचना दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की जांच शुरू कर दी है...**

**राधा तोमर रिपोर्टर अम्बाह**

**ग्वालियर...** चंबल अंचल में अब मिर्ची बाबा के लिए जगह सुरक्षित नहीं बची है. यही वजह है कि हर बार मिर्ची बाबा पर जानलेवा हमले हो रहे हैं. एक बार फिर स्वामी वैराग्य नंद उर्फ मिर्ची बाबा पर जानलेवा हमला हुआ है. आदित्यपुरम के पास शनिचरा मंदिर से रात में लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने मिर्ची बाबा पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया. सुरक्षा गार्ड ने जब हवाई फायरिंग की तो बदमाश मौके से भाग निकलें.

चार महीने में दूसरी बार हुआ हमला

बता दें कि 4 महीने में यह दूसरा मौका है, जब ग्वालियर अंचल में मिर्ची बाबा पर हमला हुआ है. सितंबर के महीने में भी बदमाशों ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी. मिर्ची बाबा पर हुए हमले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.अज्ञात बदमाशों ने किया जानलेवा हमला



गौरतलब है कि स्वामी वैराग्य नंद उर्फ मिर्ची बाबा बीती रात आदित्यपुरम के पास शनिचरा मंदिर से लौट रहे थे. तभी अज्ञात बदमाशों ने उनकी गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया. उसके बाद लाठी और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया. बदमाशों ने गाड़ी पर भी पथराव किया. जिससे मिर्ची बाबा को हल्की चोटें आ गई हैं. हादसे के बाद मिर्ची बाबा ने तत्काल पुलिस को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें थाने पर लेकर आई.मिर्ची बाबा की शिकायत पर महाराज थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.जमीनी विवाद बतायी जा रही हमले की वजह पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया घर की एक पक्ष से मिर्ची बाबा का जमीनी विवाद चल रहा है. इस घटना का कारण भी यही बताया जा रहा है, लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. महाराजपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है.स्क्र मिर्ची बाबा पर जानलेवा हमला, कमलनाथ ने ट्वीट कर सरकार को घेरा लिखा-%शिव%राज में साधू-संत भी सुरक्षित नहीं

गौरतलब है कि इससे पहले अगस्त महीने में भी वैराग्य नंदू को सुमित बाबा का जरेरुआ कला में आश्रम जाते समय अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोककर जानलेवा हमला किया था. इसके बाद वहां से भागकर मिर्ची बाबा ने अपनी जान बचाई थी. मामले की जांच के बाद पुलिस ने हमला करने बाले चार आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया था।

## दक्षिण भारत में गिरवी ज्वैलर्स व्यापारियों की पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताडना के स्थाई सामाधान हेतू केन्द्र सरकार को सौंपा ज्ञापन

**पुष्पाजंली टुडे**

**चैन्नई–** दक्षिण भारत में सरार्फा व्यापारियों की पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताडना के स्थाई सामाधान हेतू केन्द्र सरकार को ज्ञापन सौंपा।



दक्षिण भारत के सर्राफा व्यापारियों का कानून की आड़ में पुलिस द्वारा उत्पीड़न बद्स्तूर जारी है ।दक्षिण भारत की पुलिस भा.द.स.की धाराएँ 411 और 414 का दुरूपयोग करते हुए सर्राफा व्यापारियों का उत्डीड़न करती है ।इस संदर्भ में तामीलनाडु पॉन ब्रोकेर्स एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज के बताया की पहले भी भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बी.यू.वी.एम.के माध्यम से केन्द्र सरकार को ज्ञापन दिया जा चुका है ।मगर इस पर अभी कोई कार्यवाही नही हुई है ।यहाँ पर यह बताना मुनासिब होगा कि लाइसेंस धारी है।और कानून मापदण्डों के अनुरूप अपना कारोबार करते है ।इस संदर्भ में सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा केन्द्र सरकार को पत्राकार के माध्यम से यह अपील की गई। वर्तमान कानूनों में संशोधन कर एक ऐसा प्रावधान रखा जाए ताकि आरोपी चोरों की चल-अचल संपत्ति को जब्त कर व्यापारियों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएँ। साथ ही चोरी के मामलों में व्यापारियों से पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाएं।

## म.प्र पंचायत चुनाव, निर्वाचन क्षेत्रों में 3 साल से एक जगह जमे अधिकारी-कर्मचारी हटेंगे...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**भोपाल...** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव का ऐलान होने के बाद अब निर्वाचन क्षेत्रों में तीन साल से पदस्थ अधिकारी हटाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने गृह और राजस्व विभाग को कार्रवाई कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए है। गृह विभाग कुछ पुलिस अधिकारियों को स्थानांतरण कर भी चुका है इसके साथ ही वोटर लिस्ट भी फाइनल हो जाएगी। आयोग ने जिन पंचायतों में परिसीमन हुआ था, उसे पूर्ववत स्थिति में लाने के लिए संबंधित जिलों के कलेक्टरों से कहा था। उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने कहा जो चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव बीएस जामोद ने बताया कि राज्य शासन से उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा गया है जो सीधे चुनाव प्रक्रिया से जुड़े होते है। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, डीएसपी, थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, सहायक निरीक्षक, पंचायत सचिव इसमें शामिल है। अधिकारी को 4 साल की अवधि में 3 वर्ष एक स्थान पर पदस्थ नहीं होना चाहिए राजस्व विभाग से कहा गया है




कि विकासखंड स्तर पर किसी भी अधिकारी को 4 साल की अवधि में तीन वर्ष एक स्थान पर पदस्थ नहीं होना चाहिए। यही व्यवस्था पंचायत सचिवों के लिए भी रहेगी। दरअसल, आयोग को यह शिकायत मिली थी कि पंचायत सचिव के लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ रहने से चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। वहीं, पुलिस मुख्यालय की ओर से अपने सभी एसपी से एएसपी, टीआई और उप पुलिस निरीक्षक के तीन साल से एक स्थान पर पदस्थ नहीं होने संबंधी प्रमाण पत्र की मांग भी की है। आयोग के मुताबिक चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। पंचायत क्षेत्रों में अब कोई भी नया कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सकता है, लेकिन जिन कार्यों को लेकर निर्णय हो चुका है, उन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी तरह, सरकार पुलिस आयुक्त प्रणाली को लागू करने संबंधी निर्णय को क्रियान्वित करती है, तो उस पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**इन सचिवों को हटाने के आदेश:** निर्वाचन आयोग ने प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पत्र लिख कहा है कि वर्षों से पदस्थ ग्राम पंचायतों के अधिकारी और कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए। प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में कहा गया है ।

# सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**पंकज त्रिपाठी**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भारतीय संविधान सभा के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान गौरव दिवस पर भाजपा भिंड जिला इकाई ने सभी 26 मंडलों में बाबा साहब की प्रतिभाओं पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और वही शांति सद्भावना सामाजिक समरसता और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया द्य

मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने भिंड शहर के अयोध्या बस्ती वार्ड क्रमांक 4 भीम नगर में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की उनके साथ पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य देवेंद्र सिंह नरवरिया, जिला महामंत्री सत्येंद्र सिंह भदौरिया ,शिवराज सिंह यादव,थान सिंह भदौरिया,उपेंद्र राजौरिया,प्रहलाद सिंह भदौरिया रूप से उपस्थित थे मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने भीम नगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि आज बड़े गौरव की बात है कि हम स्वतंत्रता समानता और बंधुता के जनक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का निर्वाण दिवस मना रहे हैं अंबेडकर ने समाज के



समता समरसता युक्त बनाने के लिए हमेशा संघर्ष किया 7 बाबा साहब ने स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के लिए कार्य किया वैसा ही भाव हम सब कार्यकर्ताओं को अपने कार व्यवहार में लेकर चलना है उनके सपनों का भारत निर्मित कर पाए यह उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी उन्होंने कहा बाबा साहब सारी योग्यताएं रखने वाले पुरुष थे उनमें सामाजिक राजनैतिक आर्थिक शैक्षणिक रवि दृष्टि से एक उच्च कोटि के व्यक्तित्व के धनी थे उन्होंने सामाजिक कुरीतियां मिटाने का भी अभियान चलाया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आज बाबा साहब के सपने को पूरा करने के लिए तमाम गरीब हितकारी कल्याणकारी योजनाएं अंत्योदय के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के लिए चला रहे हैं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक पटेल यादव युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकरणी सदस्य ओमकार यादव निर्मल आर्य सोनू भदौरिया दिनेश यादव मोनू शर्मा राहुल कटारे राहुल सोनी डॉ गंगाराम ललित शिवम भदौरिया सूरज मिश्रा आदि शामिल है। भाजपा वन खंडेश्वर मंडल द्वारा लहार रोड स्थित सरसई पुरा में मंडल अध्यक्ष अमित जैन के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं वार्ड नंबर 5 में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मार्केट सब्जी मंडी पर बनी उनकी प्रतिभाओं पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भानु प्रताप जयंती के साथ कार्यकर्ताओं ने बालक पढ़कर पुष्पांजलि अर्पित की।

**सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदोरिया देवेंद्र सिंह नरवरिया निवास स्थान पहुंचे:** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दूसरे दिन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य गांव मंडी के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया के स्थित निवास आर्य नगर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## शिवपुर-शास पॉलीटेक्निक कॉलेज में डॉ अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी** शहर के प्रतिष्ठित शास. उत्कृष्ट पॉलीटेक्निक कॉलेज में भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर (बाबासाहेब आबंडेकर) की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन संस्था प्रांगण में किया गया। उक्त आयोजन में मुख्यवक्ता के रूप में संस्था प्राचार्या द्वारा छात्रों को संबोधित किया और छात्रों को उनके हित अधिकारों का उपयोग करते हुए सदैव न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा बाबा साहब द्वारा रचित संविधान से लेकर उसका अनुसरण कर अपने भविष्य का निर्धारण करें। संस्था प्राचार्य द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी का निधन सन 1956 में 6 दिसंबर को हुआ वे भारती बहुज्ञ, विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक के रूप में जाने जाते थे। बाबासाहेब आंबेडकर ने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया था साथ ही अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरोध में संघर्ष किया और साथ ही श्रमिकों से लेकर किसान और महिलाओं के अधिकार के लिए लड़े। डॉ. अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने, गरीबों, दलितों और पिछड़ों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया था।

# स्वच्छता में हो सभी की भागीदारी, इसके लिए चलाएंगें जनांदोलनः संभागीय आयुक्त



## जनप्रतिनिधियों के साथ ही चर्चा, लिए गए सुझाव

ग्वालियर। हमारा शहर सबसे स्वच्छ शहर बने इसके लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम जनांदोलन चलाएंगे और प्रत्येक शहरवासी को स्वच्छता के महाभियान में जोडेगें। इसके लिए आज शहर के सभी जनप्रतिनियों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा कर सुझाव लिए गए, इन सुझावों पर अब सीधे कार्यवाही होगी। उक्ताशय के विचार संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना ने आज स्वच्छता के संबंध में आयोजित सुझाव एवं चर्चा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किए।

मोतीमहल स्थित मानसभागार में स्वच्छता में हो सबकी भागीदारी कार्यक्रम के तहत वार्ड के जनप्रतिधियों एवं मीडिया के साथियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी से चर्चा कर उनके सुझाव लिखित में भी लिए गए जिससे उन पर अमल किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान वार्ड 50 के जनप्रतिनिधि श्री अजय अरोरा ने बताया उनका वार्ड व्यावसायिक क्षेत्र है तथा सबसे बडी समस्या फुटपाथ पर कारोबार करने वालों की है जिससे एक तो यातायात बाधित होता है, दूसरा गंदगी भी होती है, लेकिन उनका रोजगार भी नहीं छीना जा सकता है, इसलिए हमें इंदौर की तर्ज पर नाइट फुटपाथ बाजार लगाना चाहिए जिससे दिन में व्यवस्थित रुप से दुकाने चलें और रात्रि में 9 बजे से 2 बजे तक नाइट फुटपाथ बाजार चले, इससे बाडा क्षेत्र की यातायात समस्या का निराकरण होगा और स्वच्छता भी रहेगी। इसके साथ ही पूर्व सभापति श्री राकेश माहौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री कृष्णराव दीक्षित, पूर्व पार्षद श्री बलबीर सिंह तोमर, श्री धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, श्री मुकेश परिहार, श्री खेमचंद गुरवानी, श्री भूपेन्द्र मोगनिया, श्री बृजेश गुप्ता, श्रीमती नीलिमा शिन्दे, श्री दिनेश दीक्षित, श्री धर्मेन्द्र राणा, श्री चंदू सेन, श्री स्वतंत्र सक्सैना ने अपने अपने क्षेत्र के स्वच्छता से संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की तथा अपने सुझाव दिए।

## सभी वार्डों की प्रति सप्ताह करें स्वच्छता रैंकिंग

### संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक ने वीडियो कांफ्रेसिंग में दिए अधिकारियों को निदेश

ग्वालियर। शहर में आमनागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने तथा स्वच्छता में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वार्डों में निरंतर स्वच्छता संवाद कार्यक्रम चलाए जाएं, इसके साथ ही सभी वार्डों की प्रति सप्ताह स्वच्छता रैंकिंग की जाए तथा उसका परिणाम प्रति सोमवार को घोषित किए जाएं। उक्ताशय के निर्देश संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना ने स्वच्छता समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग में सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना द्वारा शहर की साफ सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए नियमित रुप से निगम के अधिकारियों एवं सभी क्षेत्राधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा की जाती है। इसी के तहत आज वीसी के दौरान संभागीय आयुक्त श्री सक्सैना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर सभी वार्डों में ऐसे खुले प्लॉट चिन्हित करें जहां कचरा डलता है, उन भूमि मालिकों को कचरे की सफाई के लिए आग्रह करें और यदि नहीं कोई सुने तो सफाई कराकर संबंधित से जुर्माना वसूल किया जाए। इसके साथ ही स्वच्छता के लिए गठित वार्ड स्तरीय समिति की नियमित बैठकें हो तथा प्रत्येक वार्ड में साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम चलाए जाएं और आमनागरिकों को स्वच्छता अभियान में भागीदार बनाया जाए।

# ग्वालियर के आनन्दको द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस मनाया गया

### हमारे साझा भविष्य के लिये अब स्वंय सेवी की रही थीम



ग्वालियर। राज्य आनन्द संस्थान जिला-ग्वालियर के आनंदक साथियों द्वारा स्वैच्छिक सेवा के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में समाज के बीच जागरूकता ब?ाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस 2021 की थीम ÷ हमारे साझा भविष्य के लिए अब स्वंय सेवी ÷ के अनुरूप स्वैच्छिक सेवा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ जरूरत मंदों के बीच मास्क एवं कप?ों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । विवेकानन्द नी?म ग्वालियर के सामने स्थित सिंधिया नगर बस्ती में उपस्थित लोगों के बीच आनन्दक साथियों ने आनन्दको (स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं) के माध्यम से राज्य आनन्द संस्थान के विविध कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी साझा की । इस अवसर पर आनन्दको ने बताया कि हम सभी ने देखा कि किस तरह कोरोना काल में स्वैच्छिक सेवा प्रदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही । स्वंय सेवक वहीं होते हैं जो बिना किसी स्वार्थ के सहायता करते हैं । दूसरों की मदद से मिलने वाली खुशी हमारे आनन्द के स्तर को बढ़ाती है । आनंदक भी इसी स्वैच्छिक भावना के साथ आनन्द के प्रसार में लगे हुए हैं ।

इस अवसर पर उपस्थित राज्य आनन्द संस्थान जिला-ग्वालियर के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर (आनन्द) विजय कुमार (उपमन्यु) मास्टर ट्रेनर ई. ए. के. शर्मा , प्रदीप जैन , आनंदम सहयोगी सुनील चोप?ा , भारती शाक्य , गजेन्द्र सरकार ,डॉ. प्रेमलता कुशवाहा, आनंदक नीतू तोमर ,रूचि सचान , बृजेन्द्र कुशवाहा ,शिल्पी सांघी, डॉ. मोनिका मित्तल , हैरी गुप्ता , मनोज चौरसिया ने सिंधिया नगर बस्ती वासियों को स्वच्छता के लिये शपथ दिलाते हुये गन्दगी और कचरा ?ैलाने वालों के प्रति रोको-टोको अभियान चलाने के लिए जागरूक किया । सभी ने स्वैच्छिक सेवाओं को प्रोत्साहित करते हुये सफाई कर्मियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ।








## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा नेताओं ने की पुष्पांजलि अर्पित

ग्वाल्यिर। भारत के संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर फूल्बाग स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुश्पांजलि अर्पित की। डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाल्रें में भाजपा जिल्राध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व विधायक श्री मुन्नाल्रल गोयल, श्री अशोक जादौन, पूर्व सभापति श्री राकेश माहौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री हरीश मेवाफरोश, श्री दीपक शर्मा, श्रीमती सुमन शर्मा, श्री राजू सेंगर, श्री सुघर सिंह पवैया, श्री राजेश्वर राव, श्री मनोज मुटाटकर, महिल्रा मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती नील्रिमा शिंदे, श्रीमती ल्क्ष्मी दंडोतिया, श्रीमती ज्योति जाटव, श्रीमती सुनीता कुशवाहा, श्रीमती सीमा शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। राश्ट्रीय गान केवल एक मात्र गान नहीं, यह प्रत्येक भारतीय की आत्मा से निकल्री वंदना है-माखीजानी बाबा साहब अमानवता की हर चीज को नकारते थे ग्वाल्यिर 06 दिसंबर। देश आजाद हुआ था 1947 में, संविधान ल्रागू हुआ था 1950 में, ल्रेकिन इतने वर्शों तक संविधान गौरव दिवस क्यों नहीं मनाया गया।

### त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22

### 6 जनवरी को प्रथम चरण में होगा निर्वाचन

## आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर श्री सिंह

### निर्वाचन की सभी तैयारियां तेजी के साथ पूर्ण करें



ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021-22 के लिये निर्वाचन की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता का पालन सख्ती के साथ कराया जाए। निर्वाचन की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण हों, यह भी सुनिश्चित किया जाए। निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन के लिये कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में यह निर्देश दिए। ग्वालियर जिले में पंचायत चुनाव प्रथम चरण में 6 जनवरी को आयोजित होंगे। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित निर्वाचन की बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित निर्वाचन के लिये नियुक्त किए गए सभी नोडल अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि पंचायत चुनाव के लिये विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी तैनात कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी नोडल अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समय रहते पूर्ण करें। निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन के दृष्टिगत जिले के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। सभी शस्त्र थानों में जमा कराने की कार्रवाई भी तेजी के साथ की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री ने ग्वालियर में मोची से चर्चा कर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ग्वालियर में किया जनसम्पर्क

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर स्कूटी पर सवार होकर पहुँचे अपने शासकीय आवास

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार की सुबह ग्वालियर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर जनसंपर्क किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने काँचमिल, न्यू कालोनी, पाताली हनुमान और प?ाव के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर जनता से बातचीत की और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जनसम्पर्क के मध्य पाताली हनुमान मार्केट पर फुटपाथ पर बैठे आरामिल निवासी मोची श्री रवि जाटव से बातचीत की। उन्होंने राशन और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के संबंध में पूँछा और हर-सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्टेट बैंक चौराहे पर स्थित मार्केट के दुकानदारों के मध्य पहुँचकर वन-टू-वन चर्चा की और उसके बाद क्षेत्रीय लोगों के साथ स्कूटी पर बैठकर अपने शासकीय आवास पहुँचे।

### शासकीय राशि का दुरूपयोग करने के आरोप में पूर्व सरपंच के विरूद्ध कार्रवाई

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया गया वारंट**

ग्वालियर। शासकीय धनराशि का आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण न कराने के आरोप में पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सातऊ श्रीमती मीरा पत्नी श्री लच्छी जाटव को जेल भेजने के आदेश विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर श्री आशीष तिवारी ने धारा-92 के तहत जारी किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सातऊ श्रीमती मीरा पत्नी लच्छी जाटव द्वारा आंगनबा?ी भवन निर्माण कार्य की राशि 90 हजार 552 रूपए कार्य से अधिक आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण न करते हुए आधी राशि 45 हजार 276 शासकीय कोष में जमा नहीं कराई गई एवं मनरेगा योजनांतर्गत शांति धाम निर्माण की राशि एक लाख 13 हजार 250 का आहरण कर निर्माण कार्य पूर्ण न कराते हुए हिस्सा राशि 1/3, 37 हजार 750 शासन कोष में जमा नहीं कराई गई। इस प्रकार कुल शासकीय धनराशि 83 हजार 26 का प्रभक्षण किया है। पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सातऊ जनपद घाटीगांव के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई।

### अखिल भारतीय होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा का 59 वाँ स्थापना दिवस सम्पन्न

ग्वालियर। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के 59वें स्थापना दिवस का आयोजन सोमवार को होमगार्ड लाईन बहोड़ापुर में किया गया। इस अवसर पर परेड का आयोजन किया गया। जिसमें एक प्लाटून एसडीआरईएफ बल का भी शामिल था। परेड को 4 प्लाटूनों में बांटा गया। परेड की सलामी श्री आर डी सिंह जिला सेनानी होमगार्ड ग्वालियर द्वारा ली गई। इस अवसर पर श्री आर डी सिंह जिला सेनानी द्वारा होमगार्ड मुख्यालय से प्राप्त माननीय भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं भारत सरकार के गृह सचिव श्री अजय भल्ला द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर भिजवाए गए संदेशों का वाचन किया गया। संदेश वाचन के उपरांत श्री आर डी सिंह ने अपने उदबोधन में विभाग के उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानों को संबोधित करते हुए उन्हें अखिल भारतीय होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के 59वें स्थापना दिवस की शुभकामनायें एवं बधाई दी। उन्होंने विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी को अपना कार्य विभाग के प्रति ईमानदारी, लगन और मेहनत के साथ करना चाहिए। कभी भी कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे कि विभाग की छवि धूमिल हो।

### 25 दिसम्बर तक 14 लाख लोगों को टीकाकरण का दूसरा डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित करें

ग्वालियर। कोविड-19 का टीकाकरण लक्ष्य अनुरूप करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 25 दिसम्बर तक 14 लाख लोगों को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित कर अभियान के रूप में टीकाकरण कराया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि जिले में कोविड-19 के टीकाकरण के कार्य में 14 लाख लोगों को कोविड का द्वितीय टीका लगाने का लक्ष्य हमें प्राप्त करना है। इसके लिये सभी अधिकारी युद्ध स्तर पर कार्य करें। प्रतिदिन टीकाकरण का कार्य किया जाए। इसके साथ ही बुधवार और शनिवार को जिले में विशेष अभियान के रूप में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ टीकाकरण का कार्य हो, यह सुनिश्चित किया जाए।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478